BORDER NEWS MIRROR
BNM
to the point...
www.bordernewsmirror.com
Monday
01-04-2024
www.bordernewsmirror.com
Only bilingual Newspaper

गर्लफ्रेंड लेखा के साथ लिव इन में रहेंगे इमरान खान

इमरान खान और उनकी गर्लफ्रेंड लेखा वाशिंगटन ने मुंबई में 9 लाख रुपये प्रति माह पर एक घर किराए पर लिया है।

-8

ठोकर से एक बच्ची की हुई मौत

अरेराज। थाना क्षेत्र के मुख चौक के समीप भारत गैस ऑफिस के सामने रविवार की सुबह स्टार ईट के ट्रैक्टर की ठोकर से एक बच्ची की मौत हो गई।

-1

जान्ही कपूर-शिखर पहाड़िया के रिश्ते पर बोनी कपूर ने लगाई मुहर

जान्हवी के रिलेशनशिप पर बात करते हुए बोनी कपूर ने आगे कहा, "मुझे यकीन था कि वह जान्हवी के लिए कभी एक्स नहीं होंगे।

-8

करीना-कृति-तब्बू का जलवा बरकरार

बॉलीवुड इंडस्ट्री की तीन पॉपुलर एक्ट्रेस करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सेनॉन इन दिनों सिनेमाघरों में कब्जा जमाए बैठी हैं।

-8

BRIEFLY

कांग्रेस का आरोप- देश में लोकतंत्र खत्म करना चाहती है मोदी सरकार

नई दिल्ली। विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए की महारैली में कांग्रेस नेताओं ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार देश में लोकतंत्र खत्म करना चाहती है। कांग्रेस यह साजिश कभी कामयाब नहीं होने देगी। दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' में कांग्रेस समेत 27 दलों के नेता शामिल हुए। कांग्रेस की ओर से पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, सांसद राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने हिस्सा लिया। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने अपने भाषण में कहा कि आज की रैली का उद्देश्य केवल विपक्ष की एकजुटता दिखाना है। 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' विविधता में एकता दिखाती है। हम सभी देश, लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए एकजुट हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी लोकतंत्र नहीं चाहते, वे तानाशाही की विचारधारा के हैं। उनसे राष्ट्रपति भवन में नड्डा जी ने पूछा- आपका चुनाव प्रचार कबसे शुरु हो रहा है? उन्होंने कहा कि चुनाव निष्पक्ष नहीं हो रहे हैं। पार्टी के खातों से पैसे चोरी हो गए। हजारों करोड़ का जुर्माना लगा दिया गया ताकि हम चुनाव प्रचार न कर सकें। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार चुनावों को फिक्स करना चाहती है। प्रधानमंत्री मोदी नहीं चाहते कि विपक्ष चुनाव लड़े।

Trending News

दो दिवसीय दौरे पर जयपुर पहुंचे अमित शाह, सीकर में रोड शो के साथ शुरु करेंगे चुनाव प्रचार

बीएनएम@जयपुर

जयपुर। लोकसभा चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रविवार को राजस्थान के दो दिन के दौरे पर जयपुर पहुंच गए हैं। दोपहर करीब दो बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनका स्वागत किया। शाह सीकर में रोड शो के साथ राजस्थान में चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगे। शाह एयरपोर्ट से सीधे जवाहर सर्किल स्थित होटल पहुंचे। यहां वे पांच लोकसभा सीटों चूरू, झुंझुनूं, करौली-धौलपुर, नागौर और दौसा की कोर कमेटियों की संयुक्त बैठक ले रहे हैं। इन पांचों सीटों पर भाजपा ने नए चेहरों पर दांव खेला है। बैठक में चुनाव प्रचार की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी, प्रदेश के चुनाव प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्धे, सह प्रभारी विजया राहटकर, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, डॉ. प्रेम बैरवा और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ उपस्थित है। बैठक के बाद शाह सीकर के लिए रवाना होंगे। सीकर में रोड शो के बाद वे शाम को ही जयपुर लौटेंगे और विभिन्न सामाजिक संगठनों की बैठक लेंगे। शाह रात जयपुर में प्रदेश कोर कमेटी की बैठक भी लेंगे। कोर कमेटी में सीएम भजनलाल शर्मा, दोनों उप मुख्यमंत्री, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, वसुंधरा राजे सहित प्रदेश के वरिष्ठ नेता शामिल रहेंगे।

भ्रष्टाचारी चाहे कितना भी बड़ा हो, ऐक्शन होगा, जरूर होगा : नरेन्द्र मोदी

बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार की शुरुआत मेरठ से की। प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए चुनाव का एजेंडा तो सेट किया ही, भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विपक्ष पर भी तीखा हमला बोला। मेरठ की क्रांतिधरा से अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने किसानों, गरीबों, महिलाओं, सैनिकों, युवाओं सबका जिक्र किया। वहीं अपनी सरकार की दस साल की उपलब्धियों का लेखा-जोखा भी रखा। प्रधानमंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण, तीन तलाक पर कानून, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, नारी शक्ति वंदन अधिनियम और सैनिकों को वन रैंक वन पेंशन योजना का विशेष तौर पर उल्लेख किया। यानी मोदी ने चुनाव का एजेंडा सेट कर दिया। उन्होंने विपक्षी दलों के भ्रष्टाचार पर जोरदार हमला मेरठ की जमीन से बोलकर यह साफ कर दिया है, चुनाव में भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा रहेगा और वह इस मुद्दे पर विपक्ष को घेरते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने विपक्ष के भ्रष्टाचार पर करारा प्रहार करते हुए कहा, मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई कर रहा हूं तो इससे कुछ लोग बौखला गए हैं। वे अपना आपा खो बैठे हैं। मेरे प्यारे देशवासियों मैं कहता हूं कि मोदी की गारंटी कहती है कि मोदी का मंत्र है भ्रष्टाचार हटाओ, वे कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। ये चुनाव दो खेमों की लड़ाई है। इस चुनाव में दो खेमा मैदान में है। एक वे जो भ्रष्टाचारी को बचाना चाहते हैं और एक एनडीए जो भ्रष्टाचार को खत्म करना चाहता है।

राष्ट्रपति ने लालकृष्ण आडवाणी को आवास पर जाकर दिया भारत रत्न

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को उनके आवास पर जाकर भारत रत्न से सम्मानित किया। इस अवसर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी उपस्थित रहे। राष्ट्रपति कार्यालय से सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी गई। इसके अनुसार राष्ट्रपति ने लालकृष्ण आडवाणी को उनके आवास पर जाकर भारत रत्न प्रदान किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और आडवाणी के परिवार के सदस्य उपस्थित थे। एक दिन पहले यानी शनिवार को राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन में दो पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह एवं पीवी नरसिम्हा राव और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर एवं वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया। इन विभूतियों के स्वजनों ने राष्ट्रपति से भारत रत्न सम्मान प्राप्त किया। आडवाणी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और नानाजी देशमुख के बाद ये सम्मान पाने वाले भाजपा एवं संघ परिवार से जुड़े तीसरे व्यक्ति हैं।

महारैली में पत्नी ने पढ़ा केजरीवाल का संदेश, देश को दी छह गारंटी

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनिता केजरीवाल ने रविवार को विपक्षी इंडी गठबंधन के साझा मंच से जेल में बंद अरविंद केजरीवाल का संदेश पढ़ा। इसमें इंडी गठबंधन की ओर से देश को छह गारंटी दी गई। रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की महारैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के अलावा शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार, राजद नेता तेजस्वी यादव, सपा नेता अखिलेश यादव समेत कई राज्यों के पूर्व मुख्यमंत्री भी मंच पर मौजूद रहे। महारैली में अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा, "आज आपके अपने केजरीवाल ने जेल से संदेश भेजा है, मैं इससे पहले कुछ पूछना चाहती हूं। क्या प्रधानमंत्री ने मेरे पति को जेल में डालकर सही किया? क्या आप मानते हैं कि केजरीवाल एक सच्चे और ईमानदार आदमी हैं? क्या अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए?"सुनीता केजरीवाल ने कहा, "अरविंद केजरीवाल शेर हैं, ये इनको ज्यादा दिनों तक जेल में नहीं रख पाएंगे। अभी भी मुझे लगता है कि अरविंद केजरीवाल को इस जन्म में संघर्ष के लिए भेजा है।"

पटना में सब्जी बिक्री का समय निर्धारित कर दिया गया

पटना। शहर में अतिक्रमण और यातायात में आ रही दिक्कतों को देखते हुए प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि ने सख्त दिशा निर्देश जारी किए हैं। सब्जी बिक्री का समय निर्धारित कर दिया गया है शुक्रवार को कार्यालय कक्ष में अतिक्रमण उन्मूलन, यातायात प्रबंधन तथा सुरक्षित परिवहन से संबंधित विषयों पर समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि बड़े प्रतिष्ठानों और शोरूम के आगे अवैध ढंग से वाहन पार्किंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में डीएम शीर्षत कपिल अशोक, एसएसपी राजीव मिश्रा समेत अन्य वरीय अधिकारी शामिल थे। विभिन्न इलाकों में गति सीमा दोबारा निर्धारित किए जाने के लिए आयुक्त ने नियमानुसार प्रस्ताव भी मांगा है। सुबह पांच से नौ बजे तथा शाम में सात से 10 बजे तक सब्जी बिक्री बैठक के दौरान प्रमंडलीय आयुक्त ने हरी सब्जी की बिक्री के लिए समय निर्धारित कर दिया।उन्होंने कहा कि अब सुबह पांच से नौ और शाम सात से 10 बजे तक ही निर्धारित स्थलों पर सब्जी बिक्री की अनुमति होगी। मुख्य मार्ग पर अवैध व्यावसायिक गतिविधियों की किसी हाल में मंजूरी नहीं दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मुख्य मार्ग पर अवैध दुकान लगाने वालों पर, पैदल यात्रियों के रास्ते पर दुकान को किसी भी कीमत पर अनुमति न दें। ऐसा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें। नगर निगम, जिला प्रशासन, यातायात, पुलिस, परिवहन, पथ निर्माण तथा अन्य संबंधित विभाग के पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर इन निदेशों का अनुपालन करेंगे। आयुक्त ने वाहनों की गति सीमा फिर से निर्धारित करने के लिए प्रस्ताव भी तलब किया।नहीं बर्दाश्त की जाएगी अवैध पार्किंगआयुक्त ने कहा कि राजधानी के बड़े शो रूम, प्रतिष्ठानों के सामने सड़क पर वाहनों की पार्किंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इससे यातायात की समस्या उत्पन्न होती है। ऐसे में जिन प्रतिष्ठानों में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होगी और वहां अवैध पार्किंग होगी तो दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि ने कहा कि अब सड़क पर ठेला-खोमचा लगाने वाले अतिक्रमण करें या बड़े प्रतिष्ठान की अवैध पार्किंग हो, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। यातायात में व्यवधान को किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एक अप्रैल से सघन अभियान चलाया जाएगा। एम्स, आइजीआइएमएस, पीएमसीएच आदि अस्पतालों के आसपास कोई अतिक्रमण नहीं रहना चाहिए। रोगियों, डाक्टरों तथा एंबुलेंस के आवागमन में कोई व्यवधान नहीं पड़ना चाहिए। वाहनों के अवैध पड़ाव पर रोक लगाएं और विधिसम्मत कार्रवाई करें। प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि अभियान में सख्ती बरतें। प्रविधानों के अनुसार अर्थदंड लगाएं। पुनः अतिक्रमण करने वालों पर प्राथमिकी करें। पुल तथा पेड़ की आड़ में अतिक्रमण तथा अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दुकान के आगे-पीछे अस्थायी संरचनाएं हटाएं। जीरो माइल से जगनपुरा के रास्ते को सुगम रखें। व्यवस्थित रखें।

बिहार के लिए ऐतिहासिक दिन जननायक को मिला का भारत रत्न



बिहार। के लिए ऐतिहासिक दिन है। राज्य के महान विभूति, पूर्व उपमुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों रामनाथ ठाकुर अपने पिता के सम्मान को ग्रहण किया। यह सम्मान बिहारवासियों का गौरव है। आइए जानते हैं कौन थे कर्पूरी ठाकुर, जिन्हें जननायक कहा गयाकपूर्री ठाकुर का जन्म आज से 100 साल पहले भारत में ब्रिटिश शासन काल के दौरान समस्तीपुर के एक गांव पितौंझिया में नाई जाति के परिवार में हुआ था। अब कर्पूरी ठाकुर की जन्मस्थली होने के कारण इस गांव को कर्पूरीग्राम कहा जाता है। कर्पूरी ठाकुर समाजवाद के सच्चे सिपाही थे। केवल सत्रह साल की उम्र में उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन में हिस्सा लिया और जेल गए। देश की आजादी वे लोकनायक जेपी और समाजवादी चिंतक डॉ.राम मनोहर लोहिया के सच्चे चेले थे। तब बिहार के लालू प्रसाद यादव, नितीश कुमार, राम विलास पासवान और सुशील कुमार मोदी जैसे छात्र नेता राजनीति का ककहरा पढ़ रहे थे। इन सब ने कर्पूरी ठाकुर को राजनीतिक गुरु माना। कर्पूरी की पहचान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक और राजनीतिज्ञ के रूप में रही है। वह बिहार के दूसरे उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री रहे थे। लोकप्रियता के कारण उन्हें जन-नायक कहा जाता था।

कहा जाता है कि पूरी जिंदगी उन्होंने कांग्रेस विरोधी राजनीति की और अपना सियासी मुकाम हासिल किया। सत्तर के दशक में हुए जेपी आंदोलन एक टर्निंग प्वाइंट बन गया जब सारे समाजवादी और पिछड़े वर्ग के नेता एक झंडे के नीचे खड़े हो गए। कर्पूरी ठाकुर 1970 में पहली बार राज्य के मुख्यमंत्री बने। 22 दिसंबर 1970 को उन्होंने पहली बार राज्य की कमान संभाली थी। उनका पहला कार्यकाल महज 163 दिन का रहा था। 1973-77 के बीच लोकनायक जयप्रकाश के छात्र-आंदोलन से कर्पूरी भी जुड़ गए।

शर्त के साथ भाजपा को दी गई नवादा सीट

नवादा। लोकसभा सीट 2019 में लोक जनशक्ति पार्टी के पास थी। मगर, 5 साल बाद हो रहे इस बार के चुनाव में सीटों का गणित बदला हुआ है। नवादा सीट अब भारतीय जनता पार्टी के पास है। इस सीट से भाजपा ने विवेक ठाकुर को उम्मीदवार बनाया है। पर क्या आपको पता है कि लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने नवादा की सीट को शर्तों के साथ भाजपा को वापस किया है? जी हां, सूत्रों के हवाले से इसकी इनसाइड स्टोरी यही है। नाम ना छापने की शर्त पर उनके पार्टी के एक राज्य स्तर के नेता ने भी इस बात को कंफर्म किया है। पिछले लोकसभा चुनाव में चिराग पासवान की पार्टी के पास कुल 6 सीटें थीं। मगर, इस बार 5 सीटें ही मिली है। इसमें एक सीट नवादा शामिल नहीं है। 2014 के लोकसभा चुनाव में नवादा की सीट भाजपा के पास थी। तब गिरिराज सिंह चुनाव जीतकर सांसद बने थे। फिर 2019 में यह सीट लोजपा को मिली। उस वक्त चिराग पासवान ने लोजपा के संकटमोचक कहे जाने वाले बाहुबली पूर्व सांसद सूरजभान सिंह के भाई चंदन सिंह को यहां से टिकट दिया था। इस सीट से चंदन सिंह चुनाव जीते भी थे। मगर, 2020 में हुए बिहार विधानसभा चुनाव के बाद पासवान परिवार और पार्टी, दोनों का ही बंटवारा हो गया था। तब सूरजभान सिंह और उनके सांसद भाई बाकी सांसदों के साथ चाचा व पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के साथ खड़े हो गए थे। पार्टी में टूट के बाद पटना में भूतनाथ रोड स्थित सूरजभान सिंह के घर पर ही चाचा पशुपति पारस के गुट की बैठक हुई थी। उसी बैठक में पशुपति पारस को राष्ट्रीय लोजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष व संसदीय दल का नेता चुना गया था। चिराग इस बात को मानते हैं कि उनकी पार्टी और परिवार को तोड़ने में सूरजभान सिंह की अहम भूमिका रही है। पर राजनीति एक्सपर्ट और सीनियर जर्नलिस्ट अरुण पांडेय बताते हैं कि सूरजभान सिंह अगर उस वक्त पशुपति कुमार पारस का साथ नहीं दिए होते तो लोजपा का बंटवारा नहीं होता।

वीटीआर के टूरिस्ट हुए रोमांचित

बिहार। वीटीआर में आए पर्यटक बगहा-वाल्मीकिनगर मुख्य सड़क पर उस वक्त रोमांचित हो उठे जब वन राज का उन्हें करीब से दीदार हुआ। इस दौरान कुछ देर तक बाघ आसानी से बड़े आराम के मूड में सड़क पार करता रहा फिर घने जंगल में प्रवेश कर गया। वहीं आज सुबह लोगों ने भालुओं की टोली भी देखी जिसका सबने खूब आनंद उठाया। बताया गया कि 1999 मैट्रिक बैच के छात्रों का काफिला शुगर मिल्स हाई स्कूल नरईपुर से सिल्वर जुबली एल्युमीनी मीट सेलिब्रेशन में गुरुजनों का सम्मान कर बिहार के कश्मीर में टूर पर निकला था। इसी दौरान इको टूरिज्म की मस्ती ने इन पर्यटकों को रास्ते में ही कुछ पल के लिए रोक दिया। जब बिहार के इकलौते वाल्मीकि टाइगर रिजर्व जंगल से बाहर आकर एक बाघ मटर गश्ती करते मुख्य सड़क पर दिखा, बाघ को करीब से देखकर दूर दराज से आए युवाओं की टोली आनंदित हो उठी । बताया गया कि 1999 मैट्रिक बैच के छात्रों का काफिला शुगर मिल्स हाई स्कूल नरईपुर से सिल्वर जुबली एल्युमीनी मीट सेलिब्रेशन में गुरुजनों का सम्मान कर बिहार के कश्मीर में टूर पर निकला था। इसी दौरान इको टूरिज्म की मस्ती ने इन पर्यटकों को रास्ते में ही कुछ पल के लिए रोक दिया। जब बिहार के इकलौते वाल्मीकि टाइगर रिजर्व जंगल से बाहर आकर एक बाघ मटर गश्ती करते मुख्य सड़क पर दिखा, बाघ को करीब से देखकर दूर दराज से आए युवाओं की टोली आनंदित हो उठी । बता दें की इंडो-नेपाल सीमा पर स्थित बिहार के इकलौते वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या 54 पार कर गईं है। हालांकि तीन दिन पहले एक बाघ की मौत हो चुकी है, जिसके बाद बाघों की संख्या 53 हो गई। लिहाजा देश विदेश से आने वाले हर पर्यटक यहां खुली जंगलों में बाघ के दीदार की हसरतें पाले रहते हैं। फिर बाघ और तेंदुआ का दीदार होना लकी माना जाता है। इन दिनों वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के वाल्मीकिनगर और मंगुराहा के इलाकों में बाघ और तेंदुआ की चहलकदमी बढ़ गई है और यही वजह है कि बड़ी ही आसानी से इधर बाघ और तेंदुआ अक्सर दिख जा रहे हैं। इधर, शनिवार की सुबह सुबह जंगल सफारी के दौरान आए पर्यटकों को भालुओं की पर्यटकों ने खूब आनंद उठाया।

पप्पू यादव को कांग्रेस की चेतावनी

बिहार। पप्पू यादव के कांग्रेस में शामिल होने के 10 दिन के अंदर ही कांग्रेस से निकालने की तैयारी शुरू हो गई है। एक तरफ जहां पप्पू यादव पूर्णिया सीट पर कांग्रेस का झंडा फहराने और राहुल गांधी को पीएम बनाने का नारा बुलंद कर रहे हैं तो दूसरी तरफ पार्टी के भीतर उनके खिलाफ कार्रवाई की रणनीति बन रही है। पप्पू यादव की तरफ से शनिवार की सुबह घोषणा की गई कि वे 2 अप्रैल को पूर्णिया में अपना नॉमिनेशन करेंगे। इसके तुरंत बाद कांग्रेस के भीतर से उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात सामने आने लगी है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राजेश राठौर ने बताया कि महागठबंधन की सीट शेयरिंग में कांग्रेस के कोटे में जो 9 सीटें आई हैं, पार्टी का अधिकृत उम्मीदवार वही होगा। बाकी सीटों पर गठबंधन के सहयोगी दलों से अधिकृत उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। राजेश राठौर ने कहा कि इसके अलावा किसी भी सीट पर अगर महागठबंधन के किसी दल का कोई और कैंडिडेट नॉमिनेशन करता है तो वे पार्टी के सदस्य नहीं माना जाएगा। वहीं, फ्रेंडली फाइट के सवाल पर उन्होंने कहा कि कहीं पर कोई फ्रेंडली फाइट नहीं होगी। गठबंधन के तहत चुनाव होगा। कांग्रेस प्रवक्ता के बयान पर फिलहाल पप्पू यादव फिलहाल कोई बयान देने से मना कर दिया है। पप्पू यादव कैंडिडेट घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि वे निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी में भी जुट गए हैं। यही कारण है कि कांग्रेस का झंडा फहराने की बात करने वाले पप्पू यादव ने नॉमिनेशन के रिलीज में खुद को जनता समर्थित उम्मीदवार बताया है। पप्पू यादव ने कहा था कि उन्हें मधेपुरा और सुपौल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने का ऑफर दिया गया, लेकिन उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि मैं चुनाव लड़ूंगा तो पूर्णिया से ही, नहीं तो राजनीति छोड़ दूंगा। उन्होंने कहा कि पूर्णिया की जनता मेरी सांस है। इससे अगर कोई मुझे अलग करेगा तोमेरी अर्थी ही उठेगी और मेरी अर्थी कांग्रेस के झंडे में लिपटी होगी।

दूसरी ओर, पप्पू यादव ने निर्वाचन कार्यालय से अपना एनआर (नाजिर रसीद) कटवाया है। महागठबंधन में आज ही सीट शेयरिंग की घोषणा हुई है। राजद 26 सीटों पर लड़ रही है, को उम्मीदवार बनाया है। वे पूर्णिया से फ्रेंडली फाइट करेंगे।

ट्रक ने खड़ी बस में मारी टक्कर एक की मौत

रोहतास। के डेहरी नगर थाना क्षेत्र के पाली पुल के पास शनिवार की सुबह खड़ी बस में कोयला लदे ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे एक यात्री की मौत हो गई। वहीं, छह से अधिक यात्री घायल हो गए हैं। ट्रक चालक समेत तीन की हालत गंभीर है जिन्हें रेफर कर दिया गया है। रांची से तीर्थ यात्रियों की दो बस अयोध्या जा रही थी जिसमें एक खराब हो गई तो सड़क किनारे खड़ी थी तभी ट्रक ने टक्कर मार दी। चालक को झपकी आने के कारण हादसा हुआ है। बताया जाता है कि एक बस 70 सीट वाली थी, दूसरी 35 सीट वाली थी। शनिवार की सुबह डेहरी पहुंचने पर बड़ी बस खराब हो गई, जिसके कारण दोनों बसों को सड़क किनारे खड़ी कर उसे ठीक किया जा रहा था। बस बन गई, तो सभी यात्री बारी-बारी से बैठ रहे। तभी पीछे से एक तेज रफ्तार कोयला लदे ट्रक ने बस में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बस में सवार लोग घायल हो गए। घायलों को आनन-फानन में अनुमंडलीय अस्पताल ले गए, जहां एक को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि छह से ज्यादा का इलाज चल रहा है। मृतक की पहचान 62 साल के बलेश्वर साहू के रूप में की गई है।

संक्षिप्त डायरी

पाइपलाइन बिछाने के लिए रोड तोड़ा

भागलपुर। स्मार्ट सिटी के तहत शहर को स्मार्ट बनाने के लिए कई कार्य हो रहे हैं, लेकिन आलम यह है कि इस कार्य में लगी कंपनी ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी है। दक्षिणी इलाके में सड़क को काटकर पाइपलाइन बिछाई जा रही है। जिसके कारण सड़क को काट दिया दिया गया है। लेकिन अभी तक पूरा नहीं हुआ है दक्षिणी इलाके के हुसैनाबाद में स्थिति काफी दयनीय बनी हुई है। लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। लोगों ने इसको लेकर काम कर रहे पैन इंडिया कंपनी के खिलाफ दूसरे दिन भी प्रदर्शन किया। रमजान का समय चल रहा है आने-जाने में परेशानियां हो रही है। बच्चे गिर पड़ जाते हैं। कई बार स्थानीय पार्षद को भी लिखित रूप से दी गई। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि पिछले महीने सड़क काटकर दो पाइप बिछाई है। उसके बाद सड़क की मरम्मत नहीं की। रमजान का वक्त चल रहा है पानी की समस्या है। उसके बाद सड़क की स्थिति खराब है। जिसके कारण आने- जाने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। अब बाहर से मेहमान आएंगे, बच्चे घर से निकलते हैं तो गिर जाते हैं। हम लोगों की मांग है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत हो। नहीं तो उग्र आंदोलन लगातार जारी रहेगा।

3 चांस मिलने के बावजूद नहीं कराया भौतिक सत्यापन

समाहरणालय - सीवान

सीवान। जिला प्रशासन आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी में जुटा हुआ है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में शस्त्र अनुज्ञप्ति धारी का शास्त्र का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया था। जिला प्रशासन द्वारा तीन-तीन बार शस्त्र का भौतिक सत्यापन करने का शस्त्र अनुज्ञप्ति धारी को मौका दिया गया। इसके बावजूद जिला भर के कुल 1308 शस्त्र अनुज्ञप्ति धारी ने अपने आग्नेय शस्त्र का भौतिक सत्यापन नहीं कराया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला अधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने भौतिक सत्यापन नहीं करने वाले सभी शस्त्र अनुज्ञप्ति धारी का आग्नेयास्त्र के लाइसेंस को रद्द करने का निर्देश दिया है। बता दें कि शस्त्र सत्यापन के लिए प्रथम चरण की तिथि 12 फरवरी से 15 फरवरी तक, द्वितीय चरण की तिथि 19 फरवरी से 21 फरवरी तक निर्धारित की गई थी जिसमें स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि जिला में सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी निर्धारित समय सीमा के अन्दर अपने शस्त्र का सत्यापन शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करेंगे। जिसके आलोक में 2503 शस्त्र अनुज्ञप्ति धारियों के द्वारा अपने शस्त्र का सत्यापन कराया गया। इस तिथि तक जिन्होंने शस्त्र का सत्यापन नहीं कराया था, उन्हें जिला दण्डाधिकारी सीवान द्वारा तृतीय एवं अंतिम मौका 18 से 20 मार्च तक दिया गया ताकि शेष अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा सत्यापन कराया जा सके। द्वितीय चरण की निर्धारित अवधि में शस्त्र का सत्यापन नहीं कराने वाले शस्त्रधारियों से शस्त्र दण्डाधिकारी सिवान द्वारा शीघ्र शस्त्र का सत्यापन कराते हुए स्पष्टीकरण की मांग की गयी। जिसके आलोक में 19 शस्त्र अनुज्ञप्ति धारियों द्वारा स्पष्टीकरण का जवाब दिया गया कि उनके शस्त्र को संबंधित थाना/गन हाउस में जमा किया जा चुका है। 36 शस्त्र अनुज्ञप्ति धारियों के विरूद्ध किसी न किसी मामले में केस दर्ज होने के कारण उनके शस्त्र को संबंधित थानों में जमा करने का निर्देश दिया गया। अंतिम चरण के बाद भी 1308 शस्त्र अनुज्ञप्ति धारियों द्वारा अपने शस्त्र का सत्यापन नहीं कराया गया है। जिसके आलोक में जिला दण्डाधिकारी सिवान द्वारा उनके शस्त्र अनुज्ञप्ति को निलंबित करने का निर्णय लिया गया है।

भाकपा-माले ने 3 सीट पर उम्मीदवार फाइनल किए

संदीप सौरभ (नालंदा)

बिहार। भाकपा-माले ने आज बिहार की तीन लोकसभा सीट पर अपने कैंडिडेट के नामों का ऐलान कर दिया है। इंडी गठबंधन में भाकपा-माले को आरा, काराकाट और नालंदा लोकसभा सीटें मिली हैं। कल हुए सीट शेयरिंग के बाद पार्टी ने आरा से सुदामा प्रसाद, काराकाट से राजा राम सिंह और नालंदा से संदीप सौरभ को अपना कैंडिडेट बनाया है। वहीं झारखंड की कोडरमा सीट से बगोदर के वर्तमान विधायक विनोद सिंह कोडरमा से प्रत्याशी होंगे। विनोद सिंह अपने पिता महेंद्र सिंह के निधन के बाद 2005 में बगोदर से विधायक बने। इधर अगिआंव उपचुनाव में भाकपा माले ने आरवाइए के राज्य सचिव शिवप्रकाश रंजन को मैदान में उतारा है। मनोज मंजिल को हत्या के केस में सजा होने के बाद उनकी सदस्यता खत्म कर दी गई थी। इसके बाद इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है। शिवप्रकाश रंजन बिहार में छात्र आंदोलन के चर्चित नेता रहे हैं। उन्होंने आइसा के बिहार राज्य सचिव की जिम्मेवारी भी संभाली है। वे भाकपा-माले की राज्य कमिटी के भी सदस्य हैं। बता दें कि आरा और काराकाट में भाकपा-माले का मजबूत जनाधार माना जाता है। भोजपुर जिले में पार्टी के दो विधायक हैं। अगिआंव से मनोज मंजिल और तरारी से सुदामा प्रसाद विधायक हैं। हालांकि अब मनोज मंजिल की सदस्यता खत्म हो गई है। वहीं काराकाट विधानसभा क्षेत्र से अरुण सिंह विधायक हैं। इसी इलाके के ओबरा से राजा राम सिंह विधान सभा चुनाव जीतते रहे हैं। पिछली बार वे हार गए थे। पार्टी ने 3 में से 2 विधायक को टिकट दिया है। इनमें सुदामा प्रसाद और संदीप सौरभ हैं। सुदामा प्रसाद आरा जिले के ही तरारी विधानसभा से भाकपा-माले के विधायक हैं। उन्होंने 2015 में पहली बार तरारी सीट पर जीत हासिल की और फिर 2020 के विधानसभा चुनाव में दोबारा निर्वाचित हुए। वे बिहार विधानसभा में कृषि-उद्योग समिति के सभापति भी हैं। सुदामा प्रसाद अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं।

मंगलवार को उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

नालंदा। जिला मुख्यालय बिहार शरीफ से पश्चिम 3 किलोमीटर दूर पर अवस्थित है मघड़ा गांव, जहां मां शीतला का प्रसिद्ध मंदिर है। मां शीतला के प्रसिद्ध मंदिर में चैती कृष्ण पक्ष अष्टमी मंगलवार को विशेष पूजा होगी। वैसे मंदिर में सोमवार से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगेगी, यह आयोजन तीन दिनों तक चलेगा। श्री शीतला पंडा कमेटी के सदस्य रंजीत कुमार ने बताया कि इस मंदिर की मान्यता यह है कि यहां के जल एवं भभूत से बड़े-बड़े रोगों को निवारण प्राप्त होता है। खासकर के चेचक का प्रकोप जब गर्मी के दिनों में बढ़ता है तो यहां के जल और भभूत से चेचक रोग का निवारण हो जाता है। इस मंदिर का स्कंद पुराण में भी वर्णन है। व्हेन सांग जब पढ़ते थे तो शीतला मंदिर के पीछे पीपल के पेड़ के नीचे वह विश्राम करते थे और इसके बाद हिरण्य पर्वत पर स्थित लाइब्रेरी में पढ़ाई करने जाते थे। प्राचीन काल से ही चैती कृष्ण पक्ष सप्तमी के दिन मघड़ा गांव एवं आसपास के दर्जनों गांव में बसियौड़ा मनाने की परंपरा चली आ रही है। अष्टमी के दिन गांव के किसी घर में चूल्हे नहीं जलते हैं। लोग एक दिन पहले बने भोजन को प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। गांव की एक ब्राह्मण को माता ने रात में स्वप्न दिया था कि उनकी मूर्ति नदी के किनारे जमीन के अंदर दबी है। उसे गांव के किसी स्थान पर स्थापित कर पूजा अर्चना करें। इसके बाद ब्राह्मण ने नदी के किनारे से स्थित एक कुएं की खुदाई कराई। जहां से मां शीतला की प्रतिमा मिली। तरह-तरह की दुकाने लगाई जा रही है।

सन ऑफ मल्लाह बातचीत में ही फंसे रहे सीट शेयरिंग में हाथ खाली

बिहार। अलायंस में आखिरकार 29 मार्च को सीटों का बंटवारा हो गया। इसमें केवल लालू यादव का दबदबा नजर आया। बिहार में कुल 40 सीटों में से आरजेडी सबसे ज्यादा 26 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इतना ही नहीं, कांग्रेस के सामने ही पप्पू यादव का पत्ता भी कट गया। कांग्रेस केवल 9 सीटें लेकर सारा तमाशा चुपचाप देखती रही। वामदलों को भी 5 सीटों पर संतोष करना पड़ा।यहां एक नाम और भी था, जिसे सीट शेयरिंग से बड़ी आस थी। वो वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी हैं। जिन्होंने दो से तीन सीटों की मांग रखी थी, मगर इनकी दाल नहीं गली। इससे पहले मुकेश सहनी की बातचीत एनडीए से भी चली थी, पर वहां भी हाथ खाली रह गए। पॉलिटिकल एक्सपर्ट अरूण पांडेय कहते हैं कि मुकेश सहनी दोनों गठबंधन से सौदेबाजी करते आए हैं, लेकिन कहीं भी उनकी बात नहीं बनी। अभी लालू यादव ही सबसे बड़े सौदेबाज हो गए हैं। उनकी यही शर्त थी कि सहनी अपनी पार्टी का विलय राजद में कर लें, तभी उनको सीट दी जा सकती है। इसके लिए सहनी तैयार नहीं हुए। हालांकि, वीआईपी प्रवक्ता का कहना है कि उन्हें राजद की तरफ से विलय के लिए नहीं कहा गया था। अगर विलय ही करना होता तो ऐसा ऑफर भाजपा की तरफ से पहले भी मिल चुका है। सीट शेयरिंग में एनडीए से मिले झटके के बाद मुकेश सहनी ने तेजस्वी से मुजफ्फरपुर और खगड़िया की मांग करते हुए गठबंधन में शामिल होने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन मुजफ्फरपुर सीट तेजस्वी पहले ही कांग्रेस को देने का वादा कर चुके थे। मुजफ्फरपुर से कांग्रेस किसी भी कीमत पर हटना नहीं चाहती थी। खगड़िया सीट भी सीपीएम को चली गई, जिसके बाद सहनी के लिए सभी रास्ते बंद हो गए।वीआईपी के प्रवक्ता देव ज्योति भी सीट ना मिलने के सवाल को टाल गए। उन्होंने निषाद आरक्षण की बात रखते हुए कहा कि हमें लालू यादव और राहुल गांधी पर पूरा भरोसा है। अगर वो निषाद आरक्षण देते हैं तो हम अब भी उनका समर्थन करने को तैयार हैं। लालू यादव की जिद के आगे बेबस पप्पू यादव ने तो पूर्णिया से चुनाव लड़ने का ऐलान करके अपने इरादे बता दिए हैं, लेकिन अब सहनी क्या करेंगे? यह देखना रोचक होगा। अगर वो चुनाव मैदान में कैंडिडेट उतारते हैं तो मिथिलांचल और सीमांचल में महागठबंधन का खेल बिगाड़ सकते हैं। मुकेश सहनी पिछले 10 वर्षों से बिहार में खुद को मल्लाह का नेता स्थापित करने में एक हद तक कामयाब रहे हैं। मल्लाह अति पिछड़ा जाति से आते हैं। मिथिलांचल खासकर दरभंगा, मुजफ्फरपुर और मधुबनी के इलाके में इनकी आबादी अच्छी-खासी है। इसके अलावा खगड़िया और सीमांचल की एक-दो सीटों में ये जीत-हार का समीकरण बिगाड़ सकते हैं।सीटों पर लड़ी थीं। खुद वे खगड़िया से 2 लाख से ज्यादा वोट से हार गए थे।

मीडिया ट्रायल और डिजिटल साक्ष्य का महत्व सबसे अधिक : प्रो. प्रशांत

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। मीडिया अध्ययन विभाग महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 और मीडिया विषयक संगोष्ठी का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया। कार्यक्रम के संरक्षक विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता मीडिया अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रो. अंजनी कुमार झा ने की। मुख्य वक्ता के तौर पर इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, एसआरएम विश्वविद्यालय लखनऊ के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रशांत कुमार श्रीवास्तव व विशिष्ट वक्ता सहायक प्राध्यापक डॉ. महेन्द्र कुमार उपस्थित रहे। स्वागत उद्बोधन देते हुए मीडिया अध्ययन विभाग के सहायक आचार्य एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. साकेत रमण ने मीडिया ट्रायल और डिजिटल साक्ष्य जैसे विषयों पर चर्चा की। साक्ष्य अधिनियम के माध्यम से मीडिया ट्रायल को नया आयाम मिला है। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता डॉ. महेंद्र कुमार ने मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताया। उन्होंने कहा कि मीडिया समाज में सकारात्मकता लाने का काम करती है तथा कानूनों के अनुपालन में इसका बड़ा योगदान है। मीडिया के माध्यम से ही समाज के समस्याओं को प्रकाश में लाया जा सकता है। लोकतंत्र के लिए मीडिया का स्वतंत्र और निष्पक्ष होना आवश्यक है। डॉ. कुमार ने कहा कि भारतीय साक्ष्य संहिता में इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल साक्ष्यों के जुड़े को जगह दी गई है। मीडिया के बदलते आयाम के साथ बहुत सारे बदलाव आए हैं। नव माध्यमों में इस्तेमाल किए जाने वाली तकनीक से साक्ष्य प्राप्त कर स्पीडी ट्रायल में सहायता मिलेगी। मुख्य वक्ता डॉ. प्रशांत कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि मीडिया ट्रायल और डिजिटल साक्ष्य का किसी भी मुकदमे में सबसे अधिक महत्व होता है। साक्ष्य के आधार पर ही सूचना का सत्यापन संभव है। उन्होंने कहा कि भारतीय भारतीय साक्ष्य अधिनियम में इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल साक्ष्य की चर्चा की गई है। साथ ही उन्होंने साक्ष्य अधिनियम 1872 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बीच अंतर को स्पष्ट किया। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार झा ने कहा कि पत्रकारों के पास भी कानून की व्यापक जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के विद्यार्थियों को मीडिया कानून और नीतियों को जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने भारतीय साक्ष्य अधिनियम और डिजिटल फ्रॉड के संबंध में विद्यार्थियों को संबोधित किया।

NEWS IN BRIEF

ठोकर से एक बच्ची की हुई मौत

अरेराज। थाना क्षेत्र के मुख चौक के समीप भारत गैस ऑफिस के सामने रविवार की सुबह स्टार ईट के ट्रैक्टर की ठोकर से एक बच्ची की मौत हो गई। मृतक की पहचान अरेराज वार्ड नंबर चार के संजय साह के लगभग पांच वर्षीय पुत्री के रुप मे हुआ है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष बिभा कुमारी ने, पी एस आई विवेक कुमार,रमेन्द्र कुमार, चौकीदार सहित पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर भेजी।वही पुलिस के द्वारा ट्रैक्टर और ड्राइवर को अपने कब्जे में ले लिए। और तुरन्त बच्ची को अस्पताल में परिजनों के साथ भेजे दिए,लेकिन बच्ची को जाने कर्म में मौत हो गई। परिजन के सदस्य मौसम कुमार ने बताया कि मृतक अरेराज वार्ड नंबर चार के निवासी संजय साह की पुत्री थी और वह एक भाई और तिन बहन तिन थी। मौत की खबर जैसे ही गांव में पहुंची कि ग्रामीण कुछ दौड़ते हुए घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक की पिता मां का रोते-रोते बुरा हाल हो गया है। वही उसके पिता संजय साह एक छोटा सा दुकान कर के पालन पोशन करते है। घटना की खबर से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। सभी के मुंह से यही कहते हुए सुना जा रहा है कि घर का तेज तरार बच्ची थी। ईश्वर ने उसको बुझा दिए।

मौत की खबर जैसे ही गांव में पहुंची कि ग्रामीण कुछ दौड़ते हुए घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक की पिता मां का रोते-रोते बुरा हाल हो गया है। वही उसके पिता संजय साह एक छोटा सा दुकान कर के पालन पोशन करते है। घटना की खबर से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। सभी के मुंह से यही कहते हुए सुना जा रहा है कि घर का तेज तरार बच्ची थी। ईश्वर ने उसको बुझा दिए।

केसरिया में आयोजित होगा आदर्श सामूहिक विवाह समारोह

बीएनएम@केसरिया

केसरिया। भोजपुरी विकास मंच के द्वारा इस वर्ष सात जून को केसरिया में आदर्श सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसका निर्णय मंच की रविवार को हुई तैयारी बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। इससे पहले इस आयोजन को लेकर 28 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई थी। लेकिन आदर्श आचार संहिता के कारण आयोजन तिथि में फेरबदल किया गया है। बैठक को सम्बोधित करते हुए मंच के अध्यक्ष रामकुमार गिरी ने कहा कि आदर्श सामूहिक विवाह समारोह ऐतिहासिक होगा। इस आयोजन में सभी वर्ग समुदाय के लोग बढ़चढ़ कर हिस्सा लेंगे। वहीं अध्यक्षता करते हुए सेवानिवृत्त शिक्षक पारस सिंह ने कहा कि सामूहिक विवाह के आयोजन से समाज में सकारात्मक सन्देश जाएगा। एक मंच से गरीब व असहाय परिवार की युवतियों की शादी कराकर भोजपुरी विकास मंच नजीर पेश करेगा।

जनता पॉली क्लिनिक पर हुआ दावत ए इफ्तार का आयोजन

बीएनएम@

रामगढ़वा। रामगढ़वा बाजार में संचालित जनता पॉली क्लिनिक परिसर में पाक महीना रमजान के मौके पर में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों के साथ ही अन्य धर्म के लोग शामिल हुए। जनता क्लिनिक के संचालक रेयाजुल हक व भाजपा नेता राजू भगत के नेतृत्व में आयोजित इफ्तार पार्टी के बाद रोजेदारों ने नमाज अदा कर अमन की दुआ मांगी। संचालक ने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यक्रम हिंदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे की मिसाल होते हैं। सभी धर्म के लोग एक साथ मिल बैठकर भाईचारे का पैगाम देते हैं। भाजपा नेता राजू भगत ने कहा कि रोजेदारों को इफ्तार कराना बहुत ही नेक काम है। सामूहिक इफ्तार से आपसी प्रेम बढ़ता है। गरीब व अमीर बिना भेदभाव एक-दूसरे के साथ रोजा खोलते हैं। इस माह में की गई नेकियों का सवाब अल्लाह जरूर देता है। मौके पर धनहा के पूर्व विधायक राजेश सिंह, जावेद अख्तर, आफताब मिया ,सहित सैकड़ों मुस्लिम रोजेदार शामिल हुए।

देसी कट्टा दो जिंदा कारतूस एवं मोटरसाइकिल के साथ अपराधी गिरफ्तार

बीएनएम@पताही

पताही। लोकसभा चुनाव को मध्य नजर रखते हुए मोतीहारी पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पकड़ीदयाल डीएसपी सुबोध कुमार के नेतृत्व में पताही पुलिस के द्वारा किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने जा रहे एक अपराधी को एक देसी करता दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद न्याय हिरासत मोतिहारी जेल भेज दिया गया है। मीडिया को संबोधित करते हुए पकड़ी दयाल डीएसपी सुबोध कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार शराब करबारी एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए वाहन चेकिंग कराया जा रहा था इसी क्रम में सूचना मिली कि बाइक सवार दो अपराधी महम्मदी में किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पकड़ी दयाल डीएसपी के नेतृत्व में पता ही था ना अध्यक्ष एवं पुलिस बल के साथ मोटरसाइकिल सवार एक अपराधी चंपापुर गांव निवासी अब्दुल फिरोज पिता अब्दुल जलील को एक देसी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस एवं मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया तथा एक अन्य अपराधकर्मी भागने में सफल रहा। इस संबंध में स्थानीय थाने में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर अग्रसर करवाई की जा रही है। एवं फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी गई है

ड्रैगन झूला टूटने से युवती की मौत

बीएनएम@केसरिया

कल्याणपुर के खटोलवा की है घटना

जाँच में जुटी पुलिस

केसरिया। ड्रैगन झूला टूटने से शनिवार की देर संध्या एक युवती की मौत हो गई है। जबकि एक अन्य युवती गंभीर रुप से घायल हो गई है। जिसका इलाज चल रहा है। घटना कल्याणपुर थाना क्षेत्र के खटोलवा की है। मृतका केसरिया थाना क्षेत्र के गवन्द्री के अजय सिंह की 19 वर्षीय पुत्री प्रिया कुमारी बतायी जाती है। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने मामले की जाँच शुरु कर दी है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि कल्याणपुर थाना क्षेत्र के खटोलवा गांव में महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मेला का भी आयोजन किया गया है।

मनोरंजन के लिए ड्रैगन झूला लगाया गया है। जिसमें शनिवार की देर संध्या प्रिया अपने सहेलियों के साथ ड्रैगन झूला झूल रही थी। इसी दौरान ड्रैगन झूला की एक बोगी टूट कर गिर गई। इस दौरान प्रिया के सिर में गंभीर चोट लग गई। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

जबकि उसके साथ उसी बोगी में बैठी उसकी सहेली रुबी कुमारी गंभीर रुप से घायल हो गई। आनन फानन में घायल युवती को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में लाया गया। जानकारी है कि प्रिया की शादी इसी वर्ष नवंबर में होने वाली थी। जिसको लेकर घर में शादी की तैयारी चल रही थी। लेकिन प्रकृति को कुछ और मंजूर था। डोली उठने से पहले हीं प्रिया की अर्थी उठ गई।

नकली दवा के असली सौदागरों पर कसे सख्त नकेल

ज्र्ख्रींञ्चक्कै श्रिंद्व

बड़ा सवाल यह कि हराम की कमाई के चक्कर में खुलेआम आंखों में धूल झोंकने वाले ये मौत के सौदागर कभी फांसी के फन्दे तक पहुंच पाएंगे? इन्हें नजरअंदाज करने वाले जिम्मेदारों पर भी क्या कभी फंदा कसेगा? यकीनन कैंसर जैसी घातक और दर्दनाक बीमारी झेल रहे किस्मत के मारे अधमरे लोगों की जिंदगी से खेलने वाला हर वो शख्स इस पाप का बराबर भागीदार है जिसे इस घिनौने खेल का पता था।

इसे व्यवस्था की नाकामी कहें या भ्रष्टाचार का खेल, लेकिन सच्चाई यही है कि इंसान की जान से बेपरवाह लोग, पैसे की हवस के आगे दरिन्दे बन मौत के सौदागर तक बन जाते हैं। कैंसर की नकली दवा बनाने वाले गिरोह के राष्ट्रीय राजधानी में पकड़े जाने के बाद लोग हैरान-परेशान हैं। यूं तो भारत में नकली दवाओं के खेल का सिलसिला लंबे वक्त से जारी है, जो रुकने का नाम नहीं ले रहा। इसका दूसरा पहलू यह भी कि इसे रोकने की खातिर लंबे-चौड़े अमले पर भारी भरकम खर्च और सख्त कानून के बावजूद जारी रहना खुद में बड़ा सवाल है। शासन-प्रशासन के नुमाइंदे नक्कालों से सावधान का राग अलापते रहें तो अटपटा जरूर लगता है।

दिल्ली पुलिस ने हाल ही में तमाम सुबूतों के साथ कैंसर की नकली दवा बनाने वाले जिस गिरोह का पदार्फाश किया उसमें 12लोग शामिल हैं। दुखद यह कि आरोपितों में दो जाने-माने कैंसर अस्पताल के कर्मचारी हैं। निश्चित रूप से पूरा गैंग सारी तैयारियों से इस काम में जुटा था। पिछले साल विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत मे बिक रही कैंसर और लिवर की नकली दवाओं को लेकर चेताया था। नकली दवाओं के असली निमार्ताओं ने भी दावा किया था कि उनके नाम व ब्रान्ड पर भारत में नकली दवाओं का असली खेल चल रहा है। तब कुछ ठोस कार्रवाई होती दिखी नहीं। शर्मनाक यह भी कि भारत के औषधि महानियंत्रक यानी ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया तक बेसुध रहे कि कैंसर तथा लिवर के नकली इंजेक्शन धड़ल्ले से और खुले आम कैसे बिक रहे हैं। संगठन ने चेताया लेकिन यहां किसे होश आया? यह तो ठीक वैसा ही हुआ जैसे कोरोना के नकली रेमेडिसविर इंजेक्शन ने न जाने कितनों की जान ले ली और जिम्मेदार बेसुध रहे? संगठन की चेतावनी के बाद यह जरूर माना गया था कि देश में कैंसर में इस्तेमाल होने वाला इंजेक्शन एडसेट्रिस के आठ अलग-अलग नाम व प्रकार के नकली उत्पाद सहित लिवर की नकली दवा डिफिटेलियो भारतीय बाजार में मौजूद हैं। सवाल यही कि जानकर भी महकमे ने क्या किया? यकीनन दिल्ली पुलिस ने काबिल-ए-तारीफ काम किया।

दिल्ली में पकड़े गए इस अकेले गिरोह ने दो साल में ही करोड़ों रुपये की दौलत बनाई। पैसों के भूखे इन नरपिशाचों की करतूत रोंगटे खड़े करने वाली हैं। बेहद सुनियोजित तरीकों से अपने काम को अंजाम देता यह गिरोह कैंसर की दवा की खाली शीशी पांच हजार रुपये में खरीदता जिसकी कीमत 2.96 लाख रुपये तक होती। इनमें फ्लूकोनॉजोल जो कि एक एंटी फंगल दवा है जो करीब 100 रुपये में आती है भरता और इंजेक्शन में नकली दवाइयों को मिलाकर बाजारों में सप्लाई करता। यह दवा कीमोथेरेपी में उपयोग होती जो बेअसर होने के साथ जानलेवा भी रही। असली दवा की कीमत हजारों से लेकर लाखों रुपये तक होती। इस अकेले गैंग के पास से 89 लाख रुपये नकद, 18 हजार रुपये के डॉलर और चार करोड़ रुपये की 7 अंतरराष्ट्रीय और 2 भारतीय ब्रांडों की कैंसर की नकली दवाएं बरामद होना ही इनके बड़े नेटवर्क का संकेत है। इसके तार भारत ही नहीं बल्कि चीन और अमेरिका तक फैले हैं।

यकीनन नकली दवा का असली खेल बेहद चिंताजनक है। ऐसे तमाम गिरोहों को बेनकाब कर लोगों की जान से खिलवाड़ रोकने के लिए सख्ती और सतर्कता जरूरी है। नकली दवा की पहचान का भी तरीका है। दवा पर दर्ज क्यूआर कोड स्कैन करते ही दवा का डिटेल मिल जाएगा। कोड नहीं होने पर नकली हो सकती है। कोड से दवा की जानकारी ड्रग विभाग की वेबसाइट पर मिलेगी जो मिलाई जा सकती है जो यहां सबके बस की बात नहीं।

अमेरिकन कैंसर सोसायटी के जाने-माने जर्नल ग्लोबल आंकोलॉजी के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2000 से 2019 के बीच भारत में कैंसर से 1 करोड़ 28 लाख से भी ज्यादा मौतें हुईं। वहीं भारतीय नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम के केवल दो वर्ष के आंकड़े बताते हैं कि 2020 से 2022 के दौरान देश में 23 लाख 67 हजार 990 लोगों की मौत कैंसर के किसी न किसी प्रकार से हुई। भला कैसे पता चलेगा कि इनमें नकली दवा से कितनों की जान गई? शायद कभी नहीं।

बड़ा सवाल यह कि हराम की कमाई के चक्कर में खुलेआम आंखों में धूल झोंकने वाले ये मौत के सौदागर कभी फांसी के फन्दे तक पहुंच पाएंगे? इन्हें नजरअंदाज करने वाले जिम्मेदारों पर भी क्या कभी फंदा कसेगा? यकीनन कैंसर जैसी घातक और दर्दनाक बीमारी झेल रहे किस्मत के मारे अधमरे लोगों की जिंदगी से खेलने वाला हर वो शख्स इस पाप का बराबर भागीदार है जिसे इस घिनौने खेल का पता था।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

संपादकीय

बेवजह अमेरिकी हस्तक्षेप

भारत में लोकतंत्र के सबसे बड़े.पर्व की शुरूआत हो गई है। करीब दो महीने तक चलने वाले इस त्योहार के लिए सभी राजनीतिक दलों के मंच सज गए हैं। इसी बीच भारत के इस लोकतंत्र के उत्सव में अमेरिका कुछ ऐसे कदम उठा रहा है, जिसे भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के रूप में देखा जा रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी की प्रतिक्रिया एक ऐसा ही उदाहरण है। इस अधिकारी ने कहा था कि वाशिंगटन 'मुख्यमंत्री केजरीवाल के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध कानूनी प्रक्रिया के लिए प्रोत्साहित करता है'। जाहिर है कि भारत के लिए डंक मारने वाला है और देशकी संप्रभुता और आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करता है। यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और यहां विधि का शासन स्थापित होने के साथ देश की कानूनी प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष न्यायपालिका से संचालित होती है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी अधिकारी की अनुचित और गैर-जिम्मेदाराना प्रतिक्रिया पर नई दिल्ली स्थित अमेरिकी मिशन की कार्यवाहक उपप्रमुख ग्लोरिया बर्बेना को साउथ ब्लॉक में तलब कर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी करके कहा कि कूटनीति में, राष्ट्रों से दूसरों की संप्रभुता और आंतरिक मामलों का सम्मान करने की अपेक्षा की जाती है। मित्र लोकतांत्रिक देशों के मामले में यह जिम्मेदारी और भी अधिक है। अन्यथा यह हानिकारक मिसाल कायम कर सकता है। ऐसा नहीं है कि भारत के आंतरिक मामले में अमेरिका ने पहली बार दखल देने का प्रयास किया है, इससे पहले नये नागरिकता संशोधन कानून पर भी अमेरिकी विदेश मंत्रालय की इसी तरह गैर-जिम्मेदारी पूर्ण प्रतिक्रिया आईथी। हैरानी तो उस अमेरिकी रिपोर्ट पर होती है जिसमें भारतीय उद्योगपति गौतम अदानी के विरुद्ध वहां के जस्टिस विभाग द्वारा जांच करने की बात सामने आई थी। रिपोर्ट के अनुसार, अदानी पर यह आरोप है कि उन्होंने ऊर्जा क्षेत्रमें सौदा हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को रिश्वत दी। यदि यह मामला भारत में घटित हुआ है तो अमेरिका किस अधिकार से इसकी जांच करेगा। बेहतर होगा कि अमेरिका दूसरे देशों के अंदरूनी मामलों में टांग अड़ाने से बाज आए।

चिंतन-मनन

कर्म का फल हैं योनियां

जीवों में शरीर तथा इन्द्रियों की विभिन्न अभिव्यक्तियां प्रकृति के कारण हैं। कुल मिलाकर 84 लाख भिन्न-भिन्न योनियां हैं और ये सब प्रकृतिजन्य हैं। जीव के विभिन्न इन्द्रिय-सुखों से ये योनिया मिलती हैं जो इस या उस शरीर में रहने की इच्छा करता है। जब उसे विभिन्न शरीर प्राप्त होते हैं तो वह विभिन्न प्रकार के सुख तथा दुख भोगता है। उसके भौतिक सुख-दुख शरीर के कारण होते हैं, स्वयं उसके कारण नहीं। उसकी मूल अवस्था में भोग में कोई सन्देह नहीं रहता, अतः वही उसकी वास्तविक स्थिति है। वह प्रकृति पर प्रभुत्व जताने के लिए भौतिक जगत में आता है। वैपुंठ लोक शुद्ध है, किन्तु भौतिक जगत में प्रत्येक व्यक्ति विभिन्न प्रकार के शरीर-सुखों को प्राप्त करने के लिए संघर्षरत रहता है।

यह कहने से बात और स्पष्ट हो जाएगी कि यह शरीर इन्द्रियों का कार्य है। इन्द्रियां इच्छाओं की पूर्ति का साधन हैं। यह शरीर तथा हेतु रूप इन्द्रियां प्रकृति द्वारा प्रदत्त हैं और जीव को पूर्व आकांक्षा तथा कर्म के अनुसार परिस्थितियों के वश वरदान या शाप मिलता है। जीव की इच्छाओं तथा कर्मों के अनुसार प्रकृति उसे विभिन्न स्थानों में पहुंचाती है। जीव स्वयं ऐसे स्थानों में जाने तथा मिलने वाले सुख-दुख का कारण होता है।

एक प्रकार का शरीर प्राप्त होने पर वह प्रकृति के वश में हो जाता है। शरीर, पदार्थ होने के कारण प्रकृति के नियमानुसार कार्य करता है। उस समय शरीर में ऐसी शक्ति नहीं होती कि वह उस नियम को बदल सके। उदाहरण के लिए ज्यों ही वह कुत्ते के शरीर में स्थापित किया जाता है, उसे कुत्ते की भांति आचरण करना होता है। यदि जीव को शूकर का शरीर प्राप्त होता है, तो वह मल खाने तथा शूकर की भांति रहने के लिए बाध्य है। इसी प्रकार यदि जीव को देवता का शरीर प्राप्त होता है, तो उसे अपने शरीर के अनुसार कार्य करना होता है। यही प्रकृति का नियम है। लेकिन समस्त परिस्थितियों में परमात्मा जीव के साथ विद्यमान रहता है।

सीएसआर फंड का उपयोग चुनावी बांड में?



सनत जैन

पिछले 5 वर्षों में कंपनियों ने सीएसआर फंड के रूप में 1 लाख 14 हजार 774 करोड रुपए स्वयंसेवी संस्थाओं को दान में दिए हैं। इस धन का उपयोग किस तरह से हुआ है। इसके नए-नए खुलाशे सामने आ रहे हैं। वर्ष 2021-22 में 19,043 कंपनियों ने 26,278.71 करोड, 2020-21 में 20840 कंपनियों ने 26,210.95 करोड़, 2019-20 में 22985 कंपनियों ने 24965.82 करोड़, 2018-19 में 250181 कंपनियों ने 20217.65 करोड़ तथा 2017-18 में 21525 कंपनियों में ने 17,098.57 करोड रुपए का दान किया है। कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी फंड का उपयोग कंपनियां अपने निजी हितों के लिए कर रही हैं। कंपनियों द्वारा जिन स्वयंसेवी संस्थाओ को दान दिया जाता है। उस संस्था से 65 से लेकर 80 फीसदी राशि कंपनियों द्वारा वापस ले ली जाती है। इस राशि का उपयोग कंपनी रिश्वत बांटने चुनावी चंदा देने और अपने विरोधियों को निपटाने के लिए काले धन के रूप में अपनी सुविधानुसार करती है। सीएसआर फंड की जो बंदर बांट हो रही है। उसमें एक बड़ी राशि पिछले 5 वर्षों में इलेक्ट्रोल बांड के रूप में राजनीतिक दलों को चंदे के रूप में दी गई है। यह बात भी अब खुलकर सामने आने लगी है। कंपनी एक्ट 2013 के अनुसार हर कंपनी को अपने शुद्ध मुनाफे की दो फीसदी राशि को सामाजिक सरोकारों में खर्च करना जरूरी होता है। जिन ट्रस्ट या स्वयंसेवी संस्थाओं को यह राशि दी जाती है। उन्हीं ट्रस्ट और संस्थाओं से 65 से लेकर 80 फीसदी राशि कंपनियों द्वारा वापस ले लेती हैं। ट्रस्ट एवं स्वयंसेवी संस्थाएं दी गई राशि को खर्च में दिखा देती हैं। 20 से 35 फीसदी तक चंदा स्वयंसेवी संस्थाओं के पास रह जाता है। अधिकांश चंदा उन स्वयंसेवी संस्थाओं को दिया गया है। जो सेवा निवृत आईएएस, आईपीएस अधिकारी, राजनेता और उनके परिवारजन चलाते हैं। कंपनियों के इस फंड को दिलाने के लिए सीएसआर फंड कंसल्टेंट इस काम को बखूबी अंजाम दिलाने में अपनी सेवाएं देते हैं। सीएसआर फंड की कमीशन खोरी का यह धंधा बड़े पैमाने पर देश मे चल रहा है। दान में दी गई 65 से 80 फीसदी रकम अंगड़ियों के माध्यम से नगद रूप में कंपनियों के पास वापस पहुंच जाती है। इस राशि का उपयोग ब्लैक मनी के रूप में किया जाता है। कंपनियों का ऑडिट सीए द्वारा किया जाता है। वह इस बात की जांच नहीं करते हैं, कि जो दान दिया गया है, वह सही तरीके से खर्च हुआ है, या नहीं। इसी तरीके से ट्रस्ट और स्वयं सेवी संस्थाओं का ऑडिट भी सीए द्वारा किया जाता है। वह भी आय और व्यब का ऑडिट वाउचर के अनुसार करके इति श्री कर लेते हैं। आयकर अधिकारियों के ऑडिट में इस तरह की गड़बड़ी का खुलासा होने के बाद भी, इस तरह के अवैध लेनदेन पर रोक लगा पाना संभव नहीं हो पा रहा है। पिछले वर्षों में इलेक्ट्रोल बांड के रूप में कंपनियों ने जो चुनावी चंदा दिया है। उसमें से अधिकांश चंदा सीएसआर फंड की राशि से अपरोक्ष रूप से दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर स्टेट बैंक आफ इंडिया ने इलेक्ट्रोल बांड को लेकर जो खुलासा किया है। उसमें जिन कंपनियों ने चंदा दिया है। उनकी बैलेंस शीट में उस चंदे का जिक्र ही नहीं है। यदि इस मामले की जांच कराई जाए, तो यह अभी तक का एक बहुत बड़ा घोटाला है। सरकार ने जिस तरीके के कानून बनाए हैं। उसके बाद देश में काला धन एकत्रित हो, इसकी संभावना ही नहीं है। अभी भी ईड़ी,सीबीआई और आयकर विभाग के जहां छापे पड़ते हैं। करोड़ों अरबों रुपए की नगदी बरामद होती है। कॉर्पोरेट कंपनियों और स्वयंसेवी संस्थाओं के गठजोड़ से अंगड़ियों के माध्यम से हर साल करोड़ों रुपए का लेनदेन काले धन के रूप में भारत में हो रहा है। इसे आयकर और ईडी के अधिकारी भी जानते हैं। सरकार भी जानती है। सरकारी सरपरस्ती में काले धन का यह लेनदेन आज भी बखूबी चल रहा है। कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी का इससे बड़ा मजाक और कोई नहीं हो सकता है। गरीबों के नाम पर योजनायें और कानून बनाये जाते हैं। इसका लाभ गरीबों को नहीं ?मिलता है। गरीबों के नाम पर जो योजनायें संचा?लित होती हैं, उसका लाभ बड़े-बड़े धन्नासेठ उठाते हैं। सीएसआर फंड भी उसका एक उदाहरण है।

सोशल मीडियाः लत पर नियंत्रण जरूरी



रजनीश कपूर

कुछ समय पहले तक एक आम धारणा थी कि जब भी कभी घर की बेटी समझदार हो जाए तो उसके विवाह के लिए विचार शुरू हो जाता था। उसी तरह यदि घर का बेटा बिगड़ने लग जाए तो उसे ठीक करने की मंशा से भी उसके विवाह के बारे में सोचा जाता था, परंतु आजकल ऐसा नहीं है। आज का युवा जिस कदर सोशल मीडिया पर घंटों बिताता है, उसे लेकर भी मां-बाप में चिंता बढ़ रही है। पिछले दिनों आपने सोशल मीडिया पर होली के उपलक्ष्य में ऐसे कई वायरल वीडियो देखे होंगे जहां लड़के-लड़कियां खुलेआम ऐसी हरकतें करते दिखाई दिए कि सभी शर्मसार हुए। आखिर, इस समस्या का क्या कारण है, और इससे कैसे निपटा जाए?

दिल्ली मेट्रो में दो लड़कियों द्वारा अश्लील वीडियो रील बनाने को लेकर काफी बवाल मचा। जैसे ही इस वीडियो को लेकर दिल्ली वालों ने मेट्रो प्रशासन से सवाल पूछे तो दिल्ली मेट्रो ने इसे 'डीप फेक' कह कर पल्ला झाड़ने का प्रयास किया, परंतु जब कुछ लोगों ने इसकी जांच की तो यह वीडियो सही पाया गया और वीडियो में देखी गई लड़कियों ने भी इसे स्वीकारा। ये लड़कियां यहीं नहीं रु कीं। उन्होंने दिल्ली से सटे नोएडा में एक स्कूटी पर बैठ ऐसा ही एक और अश्लील वीडियो बना डाला। वीडियो सामने आने के बाद नोएडा पुलिस ने इन लोगों का चालान भी काटा परंतु क्या सिर्फ चालान ही इस समस्या का हल है? ऐसा देखा गया है कि न सिर्फ ऐसे अश्लील वीडियो बनते हैं, बल्कि ऐसे अनेक अन्य वीडियो भी बनाए जाते हैं, जहां युवा खतरनाक स्टंट करते हुए दिखाई देते हैं, परंतु क्या किसी ने सोचा है कि ये युवा इतने बेलगाम क्यों होते जा रहे हैं? सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो डाल कर आखिर, वो क्या हासिल करना चाहते हैं? ऐसी हरकतें कर वे कुछ समय तक तो सोशल मीडिया पर प्रसिद्ध अवश्य हो जाएंगे, पर उसके बाद क्या? क्या इस प्रसिद्धि से उन्हें कुछ आर्थिक लाभ होगा? क्या इस प्रसिद्धि का उनकी शैक्षिक योग्यता पर अच्छा असर पड़ेगा? क्या ऐसा करने से उनका मान-सम्मान बढ़ेगा? इन सभी सवालों का उत्तर 'नहीं' ही है। तो फिर यह प्रसिद्धि या ऐसी हरकतें किस काम की? वहीं यदि इन युवकों के नजरिए से देखा जाए तो इन हरकतों के पीछे न सिर्फ सही संगत की कमी है, बल्कि उससे भी ज्यादा रोजगार की कमी है।

यदि इन युवकों को समय रहते उनकी योग्यता के मुताबिक सही रोजगार मिल जाते तो शायद ऐसे दृश्य देखने को न मिलते। जिस तरह मोबाइल फोन के जरिए सोशल मीडिया ने हर घर में जगह बना ली है, ऐसे क्रियाकलाप से छुटकारा पाना असंभव होता जा रहा है। बच्चा होङ्क युवा हो या घर का कोई बड़ा सदस्य, जिसे देखो उसकी गर्दन झुकी ही रहती है। ऐसे में कहना गलत नहीं होगा कि आज के दौर में वही सर उठा कर रह सकता है, जिसके पास स्मार्टफोन नहीं है। खैर! मजाक से इतर, क्या वास्तव में इस समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है? ऐसे कई छोटे और सरल उपचार हैं, जिनसे इस समस्या से निदान पाया जा सकता है। सबसे पहले तो स्क्रीन टाइम पर राशन लगाना जरूरी है। क्या आपने कभी सोचा है कि दिन के 24 घंटों में आप कितना समय मोबाइल फोन या कंप्यूटर पर लगाते हैं? क्या आप अपने परिवार, समाज और सहकर्मियों के साथ उसका कुछ हिस्सा भी बिताते हैं? आज के दौर में मोबाइल फोन और सोशल मीडिया ही हैं जो हमें समाज से दूर कर अराजक बना रहे हैं। यदि हम अपने परिवारों में एक बात निश्चित कर लें कि दिन के 24 घंटों में एक निर्धारित समय ऐसा हो जब परिवार का हर सदस्य अपना मोबाइल छोड़ एक दूसरे से बात करे, साथ बैठ कर भोजन करे तो इस समस्या का अंत आसानी से हो जाएगा।

एक बार कुछ मित्रों ने मिलने का प्लान बनाया। एक महंगे से रेस्टोरेंट में मिलना तय हुआ। सभी मित्र अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में काफी प्रसिद्ध और संपन्न थे। सभी के हाथ में महंगे मोबाइल फोन भी थे। जैसे ही सभी मित्र इकट्ठा हुए तो जिस मित्र ने इस पार्टी का आयोजन किया उसने सभी मित्रों से कहा कि आज की पार्टी हमेशा की तरह नहीं है। जैसा कि हम सभी मित्र हमेशा करते हैं कि रेस्टोरेंट के बिल का भुगतान मिल-बांट कर करते हैं, आज ऐसा नहीं होगा। सभी ने पूछा तो फिर आज पार्टी कौन दे रहा है? इससे पहले कि उत्तर मिलता आयोजक ने टेबल के बीचों-बीच रखी एक टोकरी की ओर इशारा किया और सभी से अपना-अपना फोन उसमें रखने को कहा। फिर वो बोला कि यह समय हम सभी एक दूसरे के साथ बिताएं और अपने फोन को भी आराम करने दें। फोन की घंटी बजने पर जो भी सबसे पहले टोकरी में से अपना फोन उठाएगा वो ही सबका बिल भरेगा। इस अटपटी शर्त को सभी ने माना। बस, फिर क्या था। भले ही कइयों के फोन की घंटी बजी, लेकिन जितनी भी देर पार्टी चली किसी ने भी फोन नहीं उठाया। अंत में बिल सभी के बीच बराबर बंटा और सभी मित्रों ने कुछ पल के लिए ही सही परंतु ताजा महसूस किया। यह तो एक उदाहरण है। यदि आप खोजेंगे तो आपको इस समस्या के कई हल मिल जाएंगे और युवा हों या अन्य सभी नियंत्रित हो जाएंगे।

भारत की सबसे अमीर बच्ची बनी रणवीर कपूर की बेटी राहा

- रणबीर ने 250 करोड़ का बंगला अपनी 1.4 साल की बेटी के नाम किया

मुंबई ।

पिछले दिनों जब इंफोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति ने अपने 4 महीने के पोते को तोहफा दिया था तो उसे भारत का सबसे अमीर बच्चा बताया जा रहा था। नारायण मूर्ती ने अपने पोते को गिफ्ट में इंफोसिस के 15 लाख शेयर दिए थे जिसकी कीमत 240 करोड़ रुपये थी। हालांकि अब रणबीर कपूर ने अपनी बेटी राहा को गिफ्ट देकर ये रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बॉलीवुड अभिनेता रणबीर ने 250 करोड़ का बंगला अपनी 1.4 साल की बेटी के नाम कर दिया है। नीतू कपूर, आलिया भट्ट और रणबीर कपूर को अक्सर एक साथ बांद्रा में लगभग तैयार कृष्णा राज बंगले पर जाते देखा गया है। बॉलीवुड लाइफ की एक रिपोर्ट के मुताबिक मशहूर जोड़ी अपनी बेटी राहा कपूर के नाम पर 250 करोड़ रुपये की संपत्ति वाले बंगले का नाम रखेगी, जिससे वह बॉलीवुड की सबसे अमीर संतान बन जाएंगी। बता दें कि रणबीर की बेटी 1 साल 4 महीने की हो गई है। उसका जन्म 6 नवंबर 2022 को हुआ था। दिवंगत अभिनेता राज कपूर और उनकी पत्नी कृष्णा राज इस बंगले के मालिक थे। कपूर परिवार में इकलौता पोता होने के नाते रणबीर कपूर को यह पैतृक संपत्ति विरासत में मिली थी, जिसे अब उन्होंने अपनी बेटी को गिफ्ट कर दिया है। बता दें कि भारत में पैतृक संपत्ति को टैक्स से बाहर रखा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रणबीर और आलिया दोनों इस बंगले को बनाने के लिए अपनी मेहनत की कमाई बराबर निवेश कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो एक बार यह सब बन जाने के बाद इस घर की कीमत 250 करोड़ रुपए से अधिक होगी।

बिजली विशेषज्ञों ने आरआईएल और अदाणी समूह के बीच सहयोग की सराहना की

- आरआईएल ने मध्य प्रदेश में अदाणी समूह के बिजली संयंत्र में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी

मुंबई ।

बिजली क्षेत्र के विशेषज्ञों ने मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) और गौतम अदाणी के अदाणी समूह के बीच सहयोग की सराहना की। आरआईएल ने मध्य प्रदेश में अदाणी समूह के बिजली संयंत्र में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है। उन्होंने कहा कि यह देश के बिजली क्षेत्र के प्रमुख अध्यायों में से एक है, विशेष रूप से इसकी 4,28,000 मेगावाट की स्थापित क्षमता और 2030 तक इसमें 5,00,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ने की महत्वाकांक्षी योजना को देखते हुए। बिजली क्षेत्र के विशेषज्ञों ने कहा कि इस क्षेत्र को उदार बनाने के लिए केंद्र और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा प्रोत्साहन के मद्देनजर इस तरह के कई और सहयोग होंगे। सहयोग के अनुसार आरआईएल 50 करोड़ रुपये में अदाणी पावर की सहायक कंपनी महान एनर्जेन में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी और मध्य प्रदेश संयंत्र के लिए 500 मेगावाट बिजली खरीदेगी। अदाणी पावर के अनुसार मध्य प्रदेश में महान थर्मल पावर प्लांट की 600 मेगावाट क्षमता वाले एक संयंत्र को निर्धारित मानदंडों के अनुसार कैप्टिव यूनिट के रूप में नामित किया जाएगा। पूर्व बिजली सचिव आर.वी. शाही ने कहा` कि देश के दो सबसे बड़े समूहों के बीच सहयोग से न केवल ऐसे सहयोगों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि सहयोग के अन्य प्रयासों को भी प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे सफलता की और भी अधिक ऊंचाइयां हासिल होंगी। उन्होंने कहा कि विद्युत अधिनियम, 2003 के बाद जो हासिल किया गया है, वह उससे पहले के 50 वर्षों के दौरान हासिल उपलब्धियों से तीन गुना से ज्यादा है। यह नवीकरणीय ऊर्जा का युग है, जिसे बिजली उत्पादन के डी-लाइसेंसिंग से भी मदद मिली है, जिसने बिजली क्षेत्र में विकास को एक अलग स्तर पर पहुंचा दिया है। हम वर्ष 2032 तक आठ लाख मेगावाट से अधिक क्षमता हासिल करने के लिए तैयार हैं। 2032 के बाद अगले 10 वर्षों में पूरी क्षमता को दोगुना किया जा सकता है, जिससे क्षमता 1,500 गीगावॉट से अधिक हो जाएगी। यह जीडीपी को पांच लाख करोड़ डॉलर और उससे भी अधिक तक बढ़ाने की देश की विकास रणनीति के मूल में होगा।

म्युचुअल फंड निवेशकों को राहत, नहीं कराना पड़ेगी रीकेवायसी

- निवेशकों को नए मध्यस्थ से जुड़ने के लिए नई केवायसी कराना जरूरी, आखिरी तारीख 31 मार्च

नई दिल्ली ।

म्यूचुअल फंड निवेशकों को फिर से केवाईसी यानी री-केवायसी कराने के लिए राहत मिल गई है। अब आपको री-केवायसी नहीं कराना पड़ेगा। मगर केवायसी से ही संबंधित एक ऐसा जरूरी काम भी है जिसके लिए आपके पास महज दो दिन का वक्त बचा हुआ है। वित्त वर्ष 24 खत्म होने में सिर्फ दो दिन बचे हुए हैं और 31 मार्च को ही इसके लिए डेडलाइन है। केवायसी रजिस्ट्रेशन एजेंसियों में से एक सीडीएसएल वेंचर्स ने म्यूचुअल फंड वितरकों को सूचित किया है कि निवेशकों को अपने मौजूदा पोर्टफोलियो में लेनदेन जारी रखने के लिए फिर से केवाईसी करना जरूरी नहीं है। हालांकि, सीडीएसएल वेंचर्स की तरफ से भेजी गई सूचना में कहा गया कि इन निवेशकों को किसी भी नए मध्यस्थ के साथ जुड़ने के लिए मौजूदा फ्रेमवर्क के अनुसार नई केवायसी कराना होगा। इसका मतलब यह है कि म्यूचुअल फंड में आप अगर एक नया निवेश करते हैं तो आपको केवायसी कराना पड़ेगा, जो पहले से ही आपने निवेश किया है, उसके लिए फिर से केवायसी कराने की जरूरत नहीं है। जिन निवेशकों का केवायसी आधिकारिक तौर पर वैध दस्तावेजों का उपयोग करके नहीं किया गया है, उन्हें 31 मार्च, 2024 तक फिर से केवायसी करना होगा। अगर समय सीमा यानी डेडलाइन से पहले फिर से केवायसी न करा ली जाती तो निवेशकों को मौजूदा पोर्टफोलियो में सभी ट्रांजैक्शन्स ब्लॉक हो जाते। हालांकि अब निवेशकों को केवायसी दोबारा कराने की जरूरत नहीं है, फिर भी उन्हें केवायसी रिकॉर्ड के अनुसार अपने मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी को मान्य करना होगा। 28 मार्च को म्यूचुअल फंड वितरकों को भेजे गए एक ईमेल में सीडीएसएल वेंचर्स ने कहा कि अगर निवेशक ऐसा नहीं करते हैं तो 1 अप्रैल से उनके केवायसी को रोक दिया जाएगा।

देश के कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल सस्ता, कहीं महंगा हुआ

- कच्चे तेल की कीमत 83 डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा

नई दिल्ली ।

वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमत 83 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर निकल गई है1 शुक्रवार को क्रूड 83.12 और ब्रेंट क्रूड 86.97 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर बंद हुआ। क्रूड में यह तेजी पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर असर डाल सकती है। शनिवार को छत्तीसगढ़, एमपी और केरल समेत कुछ राज्यों में पेट्रोल की कीमतें 0.70 पैसे तक बढ़ी हैं, जबकि गुजरात, असम, बिहार और गोवा समेत कुछ राज्यों में ईंधन 0.50 पैसे तक सस्ता हुआ है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर है, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर है, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर है, चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर है। नोएडा में पेट्रोल 95.01 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.96 रुपये प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 94.90 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.05 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.4 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.63 रुपये प्रति लीटर, जयपुर में पेट्रोल 104.88 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.34 रुपये प्रति लीटर, पटना में पेट्रोल 105.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.04 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 94.69 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर है।

अबूधाबी मंदिर और अंडरवाटर मेट्रो बनाने वाली कंपनी ला रही आईपीओ

मुंबई ।

अगर आप आईपीओ में पैसा लगाकर बंपर कमाई करने की सोच रहे हैं, तब ये खबर आपके लिए बहुत जरुरी है। दरअसल देश का जानमाना शापूरजी पलौंजी ग्रुप की प्रमुख कंपनी एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर बड़ा आईपीओ लाने वाली है। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि यह एक दशक में सबसे बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर आईपीओ हो सकता है। इस आईपीओ के द्वारा कंपनी की 7,000 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी है। कंपनी ने बाजार नियामक सेबी के पास जरुरी दस्तावेज फाइल कर दिए हैं। एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर शापूरजी पलौंजी ग्रुप की प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग और कंस्ट्रक्शन फर्म है। इसके प्रोजेक्ट देश-विदेश में चल रहे हैं। इसी कंपनी को अबूधाबी मंदिर और कोलकाता अंडरवाटर मेट्रो बनाने का श्रेय जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, 10 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य वाला आईपीओ 1,250 करोड़ रुपये के शेयरों के ताजा इश्यू और गोस्वामी इंफ्राटेक प्राइवेट की ओर से 5,750 करोड़ रुपये तक की बिक्री की पेशकश करता है। शेयर बाजार सूत्रों के मुताबिक, यह एक दशक का सबसे बड़ा इंफ्रा आईपीओ है। बात दें कि एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर का इतिहास छह दशकों से ज्यादा पुराना है। यह दिग्गज कंस्ट्रक्शन कंपनियों में शुमार है। कंपनी के पास घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चुनौतीपूर्ण इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) परियोजनाओं को पूरा करने का शानदार ट्रैक रिकॉर्ड है। देश की टॉप इंजीनियरिंग और कंस्ट्रक्शन कंपनियों में इसकी गिनती होती है। कंपनी ने एशिया, अफ्रीका और मिडिल ईस्ट के 25 से ज्यादा देशों में सफलतापूर्वक प्रोजेक्ट पूरे किए हैं। कंपनी ने 1959 से 350 से ज्यादा इंफ्रा प्रोजेक्ट पूरे किए हैं। मरीन, एलएनजी और मेट्रो रेल सेगमेंट में यह देश में लीडर है।

इको इंडिया मोबिलिटी ने आईपीओ के लिए सेबी के पास दस्तावेज जमा किए

नई दिल्ली । इको (इंडिया) मोबिलिटी एंड हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के द्वारा से धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं। दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, आईपीओ पूरी तरह प्रवर्तकों-राजेश लूंबा और आदित्य लूम्बा द्वारा 1.8 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित होगा। इसमें किसी तरह के नए शेयर शामिल नहीं हैं। फिलहाल प्रवर्तक और प्रवर्तक समूह की इकाइयों के पास कंपनी की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी है। चूंकि यह एक ओएफएस है तो आईपीओ से होने वाली कमाई का कोई अंश कंपनी को नहीं मिलेगा और यह राशि शेयर बेचने वाले प्रवर्तकों के पास जाएगी। कंपनी 25 वर्षों से अधिक समय से कॉरपोरेट ग्राहकों को चालक के साथ कार किराये (सीसीआर) पर दे रही है और कर्मचारी परिवहन सेवाएं (ईटीएस) प्रदान कर रही है। इसके बेड़े में किफायती से लेकर लक्जरी कारों तक 9,000 से अधिक वाहन हैं। यह विकलांग लोगों के लिए सामान ढुलाई के लिए विशेष प्रकार की वैन के अलावा लिमोजिन और विंटेज वाहन भी उपलब्ध कराती है।



दूरसंचार कंपनियां यूएसएसडी-आधारित कॉल फॉरवर्डिंग 15 अप्रैल से बंद करें: डीओटी

नई दिल्ली । दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने दूरसंचार कंपनियों से कहा है कि वे 15 अप्रैल से यूएसएसडी-आधारित कॉल फॉरवर्डिंग को बंद कर दें। एक आधिकारिक आदेश में यह भी कहा गया कि वैकल्पिक तरीके के जरिये इन सेवाओं को फिर से शुरू किया जा सकता है। मोबाइल फोन के जरिये होने वाली धोखाधड़ी और ऑनलाइन अपराधों पर रोक लगाने के लिए इस संबंध में एक आधिकारिक आदेश जारी किया गया है। मोबाइल ग्राहक अपने फोन स्क्रीन पर कोई भी सक्रिय कोड डायल करके यूएसएसडी सेवा का उपयोग करते हैं। इस सेवा का उपयोग ज्यादातर आईएमईआई नंबर और बाइल फोन शेष राशि समेत अन्य जानकारी पता लगाने के लिए किया जाता है। विभाग ने 28 मार्च के एक आदेश में कहा था कि उसके संज्ञान में आया है कि एसएसएसडी (अनस्ट्रक्चर्ड सप्लीमेंट्री सर्विस डेटा) आधारित कॉल फॉरवर्डिंग सुविधा का दुरुपयोग कुछ अनुचित गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। आदेश के मुताबिक इस संबंध में सक्षम प्राधिकारी ने यह फैसला किया है कि सभी मौजूदा यूएसएसडी-आधारित कॉल फॉरवर्डिंग सेवाओं को 15 अप्रैल, 2024 से अगली सूचना तक बंद कर दिया जाए। आदेश में कहा गया है कि सभी मौजूदा ग्राहक जिन्होंने यूएसएसडी-आधारित कॉल फॉरवर्डिंग सेवा सक्रिय की है, उन्हें वैकल्पिक तरीकों से फिर से कॉल फॉरवर्डिंग सेवाओं को सक्रिय करने के लिए कहा जा सकता है।

स्मॉलकैप और मिडकैप योजनाओं में लगाई जा सकती है कई तरह की रोक

- एमएफ न्यासियों ने बाजार निवेशकों के हितों की सुरक्षा के बताए उपाय

नई दिल्ली । निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए बाजार में तेज गिरावट के दौरान स्मॉलकैप और मिडकैप योजनाओं में कई तरह की रोक लगाई जा सकती हैं। उनके यूनिट बिक्रय पर प्रतिबंध लगा सकती है, कर्मचारियों द्वारा निकासी की सीमा तय की जा सकती है। म्युचुअल फंड (एमएफ) न्यासियों ने हाल में पेश की गई निवेशक सुरक्षा नीतियों में ये उपाय बताए हैं। एमएफ न्यासियों ने स्मॉलकैप और मिडकैप योजनाओं के लिए नीतियां इस महीने की शुरुआत में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से निर्देश मिलने के बाद तैयार की हैं। न्यासियों द्वारा तैयार की गई नीतियों में दो पहलुओं पर खास ध्यान दिया गया है। पहला निवेश की सीमा तय कर रकम का प्रवाह संभालना और दूसरा बाजार में गिरावट के समय सभी निवेशकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना। निप्पॉन इंडिया एमएफ, डीएसपी एमएफ और क्वांट एमएफ जैसी कुछ योजनाओं में कहा गया है कि बोर्ड और न्यासियों से मंजूरी मिलने के बाद फंड कंपनियां सेबी के नियमों के हिसाब से निकासी पर अंकुश लगा सकती हैं। अन्य फंड कंपनियों ने भी कहा कि वे लागू मानकों के अनुसार निवेश की अचानक निकासी को संभालने के उपाय कर सकती हैं। हालांकि म्युचुअल फंडों के पास इस तरह के उपाय पहले से मौजूद हैं मगर पहली बार उन्होंने चुनिंदा योजनाओं के साथ इन्हें जोड़ा है।

ओयो की नजर 100 करोड़ के मुनाफे पर

नई दिल्ली । ट्रैवल टेक ब्रांड ओयो की मूल कंपनी ओरेवेल स्टेज वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में कर के बाद लाभ (पीएटी) 100 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024 में 20 फीसदी राजस्व वृद्धि की उम्मीद कर रही है। इन आंकड़ों पर इस सप्ताह की शुरुआत में कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी और वरिष्ठ प्रबंधन के बीच आंतरिक समीक्षा बैठक के दौरान चर्चा की गई थी, जहां उन्होंने कंपनी की वृद्धि और लाभप्रदता की राह पर चर्चा की थी। सूत्र ने कहा` कि ओयो के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में अग्रवाल ने कहा कि लाभ में यह तीन गुना वृद्धि निरंतर राजस्व वृद्धि और उपयोगकर्ताओं के बढ़े हुए विश्वास का परिणाम है। कंपनी ने कहा` कि यह आंतरिक चर्चा थी। हमारे पास आधिकारिक रूप से कहने के लिए कुछ नहीं है। मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही से मुनाफे में आने के बाद ओयो हर तिमाही में लाभ कमा रही है।

जी एंटरटेनमेंट ने प्रौद्योगिकी और नवोन्मेषण केंद्र के 50 फीसदी कर्मचारी निकाले



नई दिल्ली । जी एंटरटेनमेंट ने अपने बेंगलुरु स्थित प्रौद्योगिकी और नवोन्मेषण केंद्र (टीआईसी) में लगभग 50 प्रतिशत कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी ने एक विशेष समिति के सुझाव के बाद यह फैसला लिया गया है। इस समिति ने कंपनी के विभिन्न कारोबारी क्षेत्रों का गंभीरता से आकलन किया था। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जेईईएल) ने कहा कि प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने लागत दक्ष ढांचा बनाने के लिए टीआईसी के 50 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी की है। टीआईसी प्रौद्योगिकी समाधान उपलब्ध कराता है। हालांकि, कंपनी ने इस कदम से प्रभावित कर्मचारियों की सटीक संख्या साझा नहीं की है, लेकिन जी एंटरटेनमेंट ने अपनी ताजा वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि केंद्र में 650 से अधिक इंजीनियर हैं, जो हमें डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र में आगे बढ़ने में अद्वितीय बढ़त देते हैं। जी ने एक मासिक प्रबंधन परामर्श कार्यक्रम 3एम का गठन किया है। यह प्रदर्शन से जुड़े प्रमुख मोर्चों पर प्रबंधन टीम का मार्गदर्शन करता है। कंपनी ने कहा कि हाल ही में आयोजित 3एम कार्यक्रम के दौरान बोर्ड से प्राप्त मार्गदर्शन के आधार पर कंपनी ने टीआईसी की संरचना में लगभग 50 प्रतिशत की कटौती की है और इसके काम के दायरे को सुव्यवस्थित किया है।

सेंसेक्स और निफ्टी में एक फीसदी तेजी रही

08.10
22.95
08.10
06.06
22.03
12.8

मुंबई ।

बीते सप्ताह वैश्विक बाजारों से मिलेजुले रुख, रुपये की विनिमय दर में गिरावट से धारणा प्रभावित होने के बावजूद बिजली, वाहन और धातु शेयरों में मांग मजबूत रहने से शेयर बाजार में एक फीसदी तेजी देखी गई। घरेलू शेयर बाजार सप्ताह के पहले दिन सोमवार को होली और आखिरी दिन शुक्रवार को गुडफ्राइडे का अवकाश होने की वजह से बंद रहे, जिससे इस सप्ताह शेयर बाजार में केवल तीन दिन ही कारोबार हुआ। बीते सप्ताह कम कारोबारी दिनों में से शेयर बाजार में एक दिन गिरावट और दो दिन तेजी देखी गई। होली के त्योहार की छुट्टी के बाद शेयर बाजार का कारोबार गिरावट के साथ शुरू हुआ। मंगलवार को बीएसई का सेंसेक्स 468 अंक की गिरावट के साथ 72,363 पर खुला और 361.64 अंक गिरकर 72,470.30 अंक पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 149 अंकों की गिरावट के साथ 21,947 पर खुला और 92.05 अंक फिसलकर 22,004.70 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों से नकारात्मक संकेतों के बावजूद हैवीवेट रिलायंस इंडस्ट्रीज और वित्तीय शेयरों के मजबूत प्रदर्शन से भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क इंडेक्स बुधवार को हरे निशान पर करोबार करते दिखे। भारतीय शेयर बाजार का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 500 अंकों की तेजी के साथ 72,976 पर खुला और 526.01 अंकों की मजबूती के साथ 72,996.31 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 50 अंकों की तेजी के साथ 22,150 अंक पर खुला और 118.96 अंकों की बढ़त के साथ 22,123.65 के स्तर पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 289.96 अंकों की मजबूती के साथ 73,286.27 के स्तर पर खुला और 655.04 (0.89 फीसदी) अंकों की बढ़त के साथ 73,651.35 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 86.15 अंक उछलकर 22,209.80 पर खुला और 203.25 (0.92 फीसदी) अंक उछलकर 22,326.90 पर बंद हुआ।

सरकार ने गेहूं खरीद लक्ष्य पूरा कराने नियमों में किया बदलाव

- क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीदी होने तक व्यापारी व आटा मिल संचालक भंडारण नहीं कर सकेंगे

मिर्जापुर ।

सरकार की ओर से गेहूं की खरीद लक्ष्य को पूरा कराने के लिए नियमों में बदलाव किया गया है। क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद हो जाने तक व्यापारी व आटा मिल के संचालक भंडारण नहीं कर सकेंगे।` नियमों को पालन नहीं करने पर लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। रबी विपणन वर्ष 2023-24 में गेहूं की खरीद लक्ष्य के मुकाबले महज 12 प्रतिशत हुई थी। इस वर्ष शासन लक्ष्य को पूरा कराने के लिए जुट गया है। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा खरीद करने के लिए नियमों में बदलाव किए गए हैं। बता दें` कि बारिश नहीं होने की वजह से इस बार भी गेहूं की पैदावार प्रभावित हुई है। वहीं शासन की ओर से गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये तय किया गया है। गेहूं खरीद शत-प्रतिशत कराने के लिए नियमों में बदलाव हुआ है। इससे व्यापारी खरीद नहीं कर सकेंगे। वहीं आटा मिल संचालक भी तय लक्ष्य से ज्यादा गेहूं का भंडारण नहीं कर सकेंगे। बीते दिनों इसको लेकर निर्देश भी जारी किया गया है। अधिकारी ने बताया कि आटा मिल मालिक भी सिर्फ प्रसंस्करण प्रयोजन के लिए ही गेहूं की खरीद करेंगे। आटा मिल मालिक के द्वारा गोदाम पर गेहूं उतरवाने की स्थिति में लाईसेंस निलंबित कर दिया जाएगा। खरीद पूरा होने तक व्यापारी को खरीद और बिक्री करने की अनुमति नहीं रहेगी। मिर्जापुर जनपद में विपणन वर्ष 2023-24 में 83 क्रय केंद्रों पर 72 हजार टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके मुकाबले महज 8732 टन गेहूं का खरीद हुआ था, जो लक्ष्य के मुकाबले महज 12.13 प्रतिशत था। 2250 किसानों ने गेहूं बिक्री की थी। 2024-25 में लक्ष्य को पूरा करने के लिए शासन- प्रशासन जुट गया है। इस बार बटाईदार के गेहूं बिक्री को लेकर नियमों में ढील दी गई है। मिर्जापुर जिले के 115 क्रय केंद्रों पर एक मार्च से गेहूं की खरीद शुरू हो गई है। खाद्य विभाग के 19, पीसीएफ के 22, यूपीएसएस के 20, नैफेड के 12, पीसीयू के 23, एनसीसीएफ के 13, भारतीय खाद्य निगम के चार और मंडी समिति के दो क्रय केंद्र बनाए गए हैं। गेहूं की बिक्री के लिए अब तक 55 सौ से अधिक किसान पंजीयन करा चुके हैं लेकिन अभी तक एक भी किसान ने गेहूं की बिक्री नहीं की है। ऐसा माना जा रहा है कि अप्रैल के पहले सप्ताह से खरीद तेज होगी।

थोक-खुदरा विक्रेताओं, प्रसंस्करणकर्ताओं को गेहूं का भंडार घोषित करने का निर्देश

नई दिल्ली ।

गेहूं पर स्टॉक की सीमा खत्म होने के साथ हि सरकार ने थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं को गेहूं का भंडार घोषित करने का निर्देश दिया। सरकार ने गेहूं की जमाखोरी रोकने और कीमतों पर लगाम लगाने के लिए यह निर्देश दिया। गेहूं पर स्टॉक सीमा पिछले साल 12 जून को लगाई गई थी। खाद्य सुरक्षा बनाए रखने और जमाखोरी तथा सट्टेबाजी रोकने के लिए 31 मार्च, 2024 तक यह सीमा लागू थी। ताजा निर्देश के तहत एक अप्रैल से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में थोक विक्रेताओं, प्रसंस्करणकर्ताओं और बड़े खुदरा विक्रेताओं सहित खुदरा विक्रेताओं को एक पोर्टल पर अपने स्टॉक की जानकारी देनी होगी। इसके बाद उन्हें प्रत्येक शुक्रवार को स्टॉक की घोषणा करनी होगी। व्यापारियों को पहले ही इस पोर्टल पर चावल का स्टॉक घोषित करने के लिए कहा जा चुका है। खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने बयान में कहा कि वह कीमतों को नियंत्रित करने और घरेलू बाजार में उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए गेहूं और चावल के स्टॉक पर कड़ी नजर रख रहा है।

आईपीएल में सीएसके और दिल्ली कैपिटल्स में मुकाबला आज

विशाखापट्नम (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और दिल्ली कैपिटल्स के बीच यहां मुकाबला होगा। इस मैच में भी सीएसके का पलड़ा भारी नजर आता है। वह अब तक अपने दोनो मैच जीती है, वहीं दिल्ली कैपिटल्स अपने शुरुआती दोनो ही मैच हारी है। आंकड़ों पर नजर डालें तो दिल्ली कैपिटल्स के अब तक सीएसके से चार मुकाबले हुए हैं और सभी में दिल्ली को हार का सामना करना पड़ा है। इन मुकाबलों में हालांकि कप्तान ऋषभ पंत टीम में नहीं थे।

ऐसे में दिल्ली को जीत दर्ज करने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। सीएसके अब तक इस टूर्नामेंट में हर क्षेत्र में बेहतर साबित हुई है। वहीं दिल्ली अब तक लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही है। सीएसके की ओर से पिछले मैच में 'अनकैप्ड' समीर रिज्वी ने अंतिम ओवरों में काफी तेजी से खेला था। पहली ही आईपील पारी में पंजाब किंग्स के खिलाफ इस बल्लेबाज ने दो छक्के लगाये थे। वहीं दिल्ली के पास इस प्रकार के खिलाड़ियों की कमी है। इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स आक्रामक सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को शामिल कर सकती है क्योंकि हाल में समाप्त हुए रणजी ट्राफी सत्र में 902 रन जुटाकर सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले रिकी भुई अब तक इस टूर्नामेंट में विफल रहे हैं। वहीं रणजी ट्राफी के दूसरे हिस्से के दौरान प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने वाले शॉ भले ही कोच रिकी पोंटिंग द्वारा तय किये गये फिटनेस मानकों को पूरा नहीं करते हों पर अनुभव के माले में वह भुई से आगे हैं।

सलामी बल्लेबाज वॉर्नर भी अब पुरानी फॉर्म में नहीं दिखते जबकि कप्तान ऋषभ पंत को लय में आने में कुछ समय लगेगा। इसके अलावा मिचेल मार्श भी अब तक उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। ऐसे में पृथ्वी शॉ की मौजूदगी से ही दिल्ली की बल्लेबाजी को कुछ मजबूती मिलेगी जिसे मुस्तफिजुर रहमान, दीपक चाहर, माथिशा पाथिराना और रविंद्र जडेजा जैसे गेंदबाजी आक्रमण का सामना करना होगा। टीम को असली चुनौती मुस्तफिजुर की गेंदों से मिलेगी।

CAPITALS
SUPER KINGS
IPL
TATA

अगर कप्तान नहीं खेल पाते हैं तो टीम में कोई और पावर हिटर नहीं है। शाई होप और ट्रिस्टन स्टब्स जमने में समय लेते हैं। टीम की गेंदबाजी भी कमजोर है। अक्षर पटेल को छोड़कर कोई भी अन्य गेंदबाज प्रति ओवर 7.50 से कम रन नहीं दे पाया है। एनरिच नोर्किया सही लाइन एवं लेंथ में गेंदबाजी नहीं कर सके जिससे टीम ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अंतिम पांच ओवरों में काफी रन लुटा दिये। इससे डीसी को तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा की कमी महसूस हो रही है।

वहीं दूसरी ओर सीएसके लगातार जीत से उत्साहित है। उसके पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं। टीम के साथ महेन्द्र सिंह धोनी जैसा अनुभवी खिलाड़ी है जो कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की सहायता कर रहा है। कुल मिलाकर देखा जाये तो सीएसके के लिए ये मैच अधिक कठिन नहीं रहेगा।

टीम

दिल्ली कैपिटल्स- ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वार्नर, पृथ्वी शॉ, यश धुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्तवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा और शाई होप।

चेन्नई सुपर किंग्स- रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेन्द्र सिंह धोनी (विकेटकीपर), मोइन अली, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, राजवर्धन हैंगरकर, रवींद्र जडेजा, अजय मंडल, मुकेश चौधरी, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मिशेल सेंटनर, सिमरजीत सिंह, निशांत सिंधु, प्रशांत सोलंकी, महेश थीक्षाना, रचिन रवींद्र, शार्दुल ठाकुर, डेरिल मिशेल, समीर रिज़्वी, मुस्तफिजुर रहमान, और अरवेल्ली अवनीश राव (विकेटकीपर)।

आईपीएल : वेंकटेश अय्यर ने लगाया सबसे लंबा छक्का

नई दिल्ली (एजेंसी)। वेंकटेश अय्यर ने कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की ओर से आईपीएल में सबसे लंबा छक्का लगाया है। वेंकटेश ने यह छक्का रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरू (आरसीबी) के खिलाफ मैच में अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान लगाया। वेंकटेश ने इस मैच में 30 गेंदों पर ही 50 रन बना दिये। इस पारी में उन्होंने 3 चौके और 4 लंबे छक्के लगाये। वेंकटेश ने इस दौरान एक ऐसा छक्का लगाया जो सत्र का सबसे लंबा छक्का बन गया है। वेंकटेश ने सिराज पर छक्के और एक रन के साथ 29 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। केकेआर की जीत में उनके इस छक्के की अहम भूमिका रही।

वेंकटेश ने मयंक डागर की गेंद को मिडविकेट के ऊपर उछाल दिया। इस दौरान 106 मीटर लंबे छक्के को देखकर सभी हैरान रह गये। इससे पहले इस सत्र में ईशान किशन ने सबसे लंबा छक्का लगाया था। मुंबई इंडियंस की ओर से खेलने वाले ईशान ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 103 मीटर लंबा छक्का लगाया। इस मैच में लक्ष्य का पीछा करने करते हुए केकेआर की ओर से सुनील नारायण और फिल सॉल्ट ने तेज शुरुआत की। सॉल्ट ने मोहम्मद सिराज के पहले ओवर में दो छक्कों और एक चौके से शुरुआत की जबकि नारायण ने तीसरे ओवर में अल्जारी जोसेफ पर दो छक्के लगाये।

शुरुआती मैचों में विफल रहे हैं आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी स्टार्क

बेंगलुरु (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को इस बार कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने सबसे महंगी कीमत देकर नीलामी में खरीदा था पर वह अब तक असफल रहे हैं और एक भी विकेट नहीं ले पाये हैं। केकेआर ने स्टार्क पर आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी रकम 24.75 करोड़ रुपए की बोली लगायी थी। उसे उम्मीद थी कि स्टार्क के आने से उसकी गेंदबाजी बेहतर होगी पर अब तक ऐसा नजर नहीं आया है। शुरुआती मैचों में स्टार्क केकेआर की उम्मीदों को पूरा करते नहीं दिखे हैं। स्टार्क अब तक खेले दो मैच में एक भी विकेट नहीं ले पाये हैं। केकेआर ने हालांकि अपने दोनो मैचों को जीता है पर इसमें स्टार्क की भूमिका नहीं रही है। उसकी जीत में आंद्रे रसेल, हर्षित राणा, सुनील नरेन और फिल साल्ट की बड़ी भूमिका रही है। रसेल ने 2 मैच में 4 विकेट लेने के अलावा 64 रन भी बनाए हैं। हर्षित ने 5 विकेट लिए हैं। सुनील नरेन ने 49 रन बनाए हैं और 2 विकेट भी लिए हैं। वहीं फिल साल्ट ने सबसे ज्यादा 84 रन बनाये हैं।

वहीं केकेआर के टीम मैनेजमेंट को अब भी स्टार्क की क्षमताओं पर पूरा भरोसा भी है। केकेआर के गेंदबाजी कोच भरत अरुण ने कहा, 'स्टार्क के पास काफी अनुभव है। उन्हें पता है कि अच्छा प्रदर्शन करने के लिए क्या करना जरुरी होता है या हालातों से किस प्रकार से तालमेल बैठाया जा सकता है। हमें भरोसा है कि वह शीघ्र ही अच्छा प्रदर्शन करेंगे।' स्टार्क दोनों मैचों में भी काफी महंगे साबित हुए हैं। स्टार्क ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 4 ओवर के अपने स्पेल में 53 रन दिये थे। वहीं आरसीबी के खिलाफ उन्होने 47 रन दिये थे। वहीं ऑस्ट्रेलिया के ही पैट कमिंस आईपीएल इतिहास के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। सनराइजर्स ने कमिंस को 20.50 करोड़ रुपए में खरीदा था और वह उम्मीदों पर खरे उतरे हैं। कमिंस ने अब तक दो मैच में 8 ओवर गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए हैं।

टी20 विश्व कप 2024 : अगले महीने हो सकता है भारतीय टीम का ऐलान

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम के अप्रैल के अंतिम हफ्ते में चुने जाने की संभावना है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टीम सौंपने की अंतिम तारीख एक मई है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। लेकिन टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली प्रत्येक टीम को 25 मई तक अपनी शुरूआती टीम में खिलड़ियों को बदलने का मौका मिलेगा।

बीसीसीआई के एक सीनियर सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, 'भारतीय टीम का चयन अप्रैल के अंतिम हफ्ते के दौरान किया जाएगा और इस समय तक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का पहला हिस्सा खत्म हो जायेगा जिससे राष्ट्रीय चयन समिति दावेदारों की फॉर्म और फिटनेस का आकलन करने की स्थिति में होगी।' सूत्र ने कहा, 'क्रिकेटरों का पहला जत्था 19 मई को आईपीएल का लीग चरण खत्म होने के तुरंत बाद न्यूयॉर्क के लिए रवाना होगा। जिन खिलाड़ियों की टीम अंतिम चार के लिए क्वालीफाई नहीं करती हैं, वे भी जल्दी जायेंगे जैसा कि पिछले साल डब्ल्यूटीसी फाइनल्स के दौरान हुआ था।'

टी20 विश्व कप टूर्नामेंट अमेरिका और वेस्टइंडीज में हो रहा है तो उम्मीद है कि कुछ 'स्टैंड बाई' खिलाड़ी भी टीम के साथ यात्रा करेंगे ताकि मुख्य टीम के किसी भी खिलाड़ी के चोटिल होने की स्थिति में या फिर किसी भी अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण हटने से कोई 'लॉजिस्टिकल' परेशानी नहीं उठानी पड़े। चारों राष्ट्रीय चयनकर्ता ज्यादातर मैच देखने के लिए यात्रा करेंगे। पता चला है कि विश्व कप के लिए किसी भी दावेदार को कार्यभार प्रबंधन के बारे में कोई निर्देश नहीं दिया गया है क्योंकि इन दो महीनों में वे फ्रेंचाइजी के अधीन खेलेंगे।

आरसीबी का आईपीएल जीतना असंभव : वॉन

बेंगलुरु। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरू (आरसीबी) ने अब तक आईपीएल 2024 में जिस प्रकार का प्रदर्शन किया है उसको देखते हुए उसका ट्रॉफी जीता असंभव है। वॉन ने कहा कि आरसीबी की गेंदबाजी इतनी कमजोर नजर आ रही है कि वह 182 रनों के लक्ष्य को भी नहीं बचा सकी। टीम को इस सत्र में लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा है। केकेआर ने दूसरे मैच में आरसीबी को 7 विकेट से हराया। वहीं पहले मैच में उसे चेन्नई सुपरकिंग्स ने हरायाद। केकेआर के खिलाफ आरसीबी के बल्लेबाजों ने 182 रन का बड़ा स्कोर बनाया पर उसके गेंदबाजों ने बेहद खराब प्रदर्शन किया जिससे हाथ आया मैच फिसल गया। केकेआर ने 19 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। आरसीबी के मुख्य तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज भी विकेट नहीं ले पाये। उन्होंने 3 ओवर में 46 रन दे दिये। वॉन के अनुसार इस प्रकार के प्रदर्शन से खिताब जीतने की उम्मीद नहीं की जा सकती है। सिराज को कप्तान फाफ डुप्लेसी ने उन्हें 3 ओवर के बाद ही हटा लिया। वहीं यश दयाल को 1 विकेट मिला पर उन्होनें भी 46 रन लुटा दिये। अल्जारी जोसफ के दो ओवरों में ही 34 रन चले गये। इसी को लेकर वॉन ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'इस गेंदबाजी आक्रमण के साथ आरसीबी का खिताब जीतना असंभव है।' आरसीबी ने विराट कोहली के 83 रन की सहायता से 20 ओवर में 6 विकेट पर 182 रन बनाए थे। 183 रन के लक्ष्य को केकेआर की टीम ने आसानी से हासिल कर लिया।

पुराने मतभेद भूलकर मिले विराट और गंभीर

बेंगलुरु। यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच हुए मैच में आरसीबी के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और केकेआर के मेंटोर गौतम गंभीर ने गले मिलकर पिछले मतभेदों को दूर किया। दोनो के बीच पिछले साल एक मैच के दौरान विवाद हो गया था। जिससे प्रशंसक भी निराश थे। इस बार प्रशंसकों को तब सुखद अहसास हुआ जब पिछली कड़वाहट भुलाकर दोनो गले मिले। केकेआर को इस मैच में सात विकेट से जीत मिली। इस मैच में विराट और गंभीर के चेहरे पर मुस्कुराहट थी जिससे देखकर प्रशंसक भी उत्साहित हो गये।

यह मामला उस समय का है जब पहली पारी के दूसरे रणनीतिक टाइमआउट के दौरान कोहली बल्लेबाजी कर रहे थे तो गंभीर मैदान से बाहर चले गए। दोनों ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया और गले मिले, जिसने कई लोगों ने देखा और इन तस्वीरों के वायरल होने के बाद काफी सकारात्मक प्रतिक्रियाएं सामने आईं। तब कमेंट्री कर रहे रवि शास्त्री और सुनील गावस्कर भी इन दोनो दिग्गजों को गले मिलते देखकर खुश नजर आये। शास्त्री ने कहा, विराट कोहली और गौतम गंभीर के बीच इस गले मिलने के लिए केकेआर को फेयरप्ले पुरस्कार। वहीं गावस्कर ने भी तत्काल कहा, न केवल एक फेयरप्ले पुरस्कार, बल्कि एक ऑस्कर पुरस्कार भी।

आईपीएल : वेंकटेश और नारायण के शानदार प्रदर्शन से केकेआर ने आरसीबी को हराया

नई दिल्ली (एजेंसी)। वेंकटेश अय्यर, सुनील नारायण और फिल सॉल्ट के अच्छे प्रदर्शन से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को सात विकेट से हरा दिया। इस मैच में जीत के लिए मिले 183 रन के लक्ष्य को आरसीबी ने 17 ओवरों में ही तीन विकेट पर 186 रन बनाकर आसानी से हासिल कर लिया। इस मैच में केकेआर की ओर से वेंकटेश ने 30 गेंद पर चार छक्के और तीन चौके लगाकर 50 रन बनाये। वहीं नारायण ने 22 गेंदों पर पांच छक्के और दो चौके लगाकर 47 रन बनाये। सॉल्ट ने 20 गेंद पर दो छक्के और दो चौके लगाकर 30 रन बनाये। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने कोहली की नाबाद 83 रन की पारी की सहायता से छह विकेट पर 182 रन बनाए। कोहली ने कैमरन ग्रीन 33 के साथ दूसरे विकेट के लिए 65 और ग्लेन मैक्सवेल 28 रनों के साथ तीसरे विकेट के लिए 42 रन बनाये। वहीं दिनेश कार्तिक ने अंत में आठ गेंद में तीन छक्कों की सहायता से 20 रन बनाए। इस मै में लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर की ओर से नारायण और सॉल्ट ने तेज शुरुआत की।

केकेआर ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 85 रन बनाए जो इस सत्र में शुरुआती छह ओवर में किसी टीम का सबसे अधिक स्कोर है। वहीं मयंक डागर ने नारायण को आउट कर केकेआर को पहला झटका दिया। इसके बाद सॉल्ट भी कैच हो गये। केकेआर को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए सिर्फ 16 रन की जरुरत थी। इसपर वेंकटेश और रिंकू सिंह ने टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचा दिया। कोहली ने वेंकटेश के कैच के साथ ही आईपीएल में सबसे अधिक 109 कैच के सुरेश रैना के रिकॉर्ड की बराबरी की।

अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।

आरसीबी की ओर से कोहली ने अच्छी शुरुआत की। कप्तान फाफ डुप्लेसी 08 रन बनाकर शुरुआत में ही आउट हो गये। वहीं अन्य बल्लेबाज भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये। रजत पाटीदार भी तीन रनों पर ही आउट हो गये। केकेआर की ओर से आंद्रे रसेल और हर्षित ने दो-दो विकेट लिए।

गोवा में दो महिला फुटबॉलरों से हाथापाई, एआईएफएफ ने जांच के लिए बनाई समिति

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने गोवा में दो महिला फुटबॉलरों के साथ कथित तौर पर हाथापाई करने वाले अपनी कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को मामले की जांच पूरी होने तक खेल संबंधित गतिविधियों से दूर रहने के लिये कहा है। हिमाचल प्रदेश के खाड एफसी की दो फुटबॉलर भारतीय महिला फुटबॉल लीग सेकंड डिविजन में भाग ले रही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि क्लब के मालिक शर्मा 28 मार्च की रात उनके कमरे में घुस आये और उनके साथ मारपीट की। उन्होंने एआईएफएफ की प्रतिस्पर्धा समिति और गोवा फुटबॉल संघ के सामने शिकायत भी दर्ज की है। इसके अलावा मापुसा पुलिस थाने में भी शिकायत दर्ज की गई है। सूत्रों के अनुसार शिकायत में दोनों ने कहा कि शर्मा अधिकतर समय नशे में रहते थे और उन्हें उनसे अपनी जान का खतरा है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने एआईएफएफ को अधिकारी के खिलाफ तुरंत और कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा था। शर्मा हिमाचल प्रदेश फुटबॉल संघ के महासचिव, क्लब के मालिक और एआईएफएफ की कार्यकारी समिति के सदस्य हैं। जांच समिति में कार्यकारी समिति के सदस्य पिंकी बोंपाल मागर, एआईएफएफ की सुरक्षा और बाल संरक्षण अधिकारी रीटा जयरथ और विजय बाली हैं।

शाहीन अफरीदी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से निराश, छोड़ सकते हैं टी20 टीम की कप्तानी

लाहौर (एजेंसी)। पाकिस्तान क्रिकेट और टी20 कप्तान के रूप में अपने भविष्य के बारे में चर्चा में शामिल नहीं होने से निराश तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी कप्तानी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। शाहीन के करीबी सूत्र ने कहा कि गेंदबाज इस बात से नाराज हैं कि जहां तक कप्तानी या कोचों की नियुक्ति का सवाल है, पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी या राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने एक बार भी उनसे अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में बात नहीं की है।

सूत्र ने कहा, 'शाहीन का निराश होना उचित है क्योंकि राष्ट्रीय टी20 कप्तान होने के नाते उन्हें उम्मीद थी कि अगर बोर्ड/चयनकर्ता उन्हें हटाना भी चाहते हैं तो उन्हें इसके पीछे के कारणों के बारे में सूचित करने और उन्हें हर चीज के बारे में जानकारी देने की शालीनता होगी।' सूत्र ने कहा कि शाहीन इस बात से निराश हैं कि उन्हें लूप में नहीं रखा गया क्योंकि पीसीबी प्रमुख ने इस सप्ताह टी20 विश्व कप, कोचों की नियुक्ति और कप्तानी पर चर्चा के लिए राष्ट्रीय चयनकर्ताओं और बाबर आजम के साथ चर्चा की थी।

सूत्र ने कहा, 'शाहीन का मानना है कि अगर बोर्ड उन्हें हटाना चाहता है तो उन्हें पहले ही इसकी जानकारी दे देनी चाहिए थी क्योंकि वह खुद भी पद छोड़ने को तैयार हैं। दरअसल अब उनके कुछ करीबी लोगों ने उन्हें ऐसा करने और सभी से दूर जाने की सलाह दी है। बोर्ड द्वारा अराजकता और भ्रम पैदा किया जा रहा है।'

पिछले नवंबर में भारत में विश्व कप के बाद शाहीन को टी20 कप्तान बनाया गया था जब जका अशरफ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख थे। शाहीन की नियुक्ति पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में लाहौर कलंदर्स फ्रेंचाइजी को लगातार दो खिताब दिलाने की उनकी क्षमता के आधार पर की गई थी। लेकिन कप्तान बनाए जाने के बाद शाहीन न्यूजीलैंड में टी20 सीरीज 1-4 से हार गए और कलंदर्स के साथ भी अपना जादू नहीं दोहरा सके क्योंकि वे हाल ही में पीएसएल में तालिका में सबसे नीचे रहे।

यानिक सिनर और ग्रिगोर दिमित्रोव मियामी ओपन फाइनल में

मियामी गार्डन्स। दूसरे वरीय यानिक सिनर ने शुक्रवार को यहां तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव पर जीत से मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। रविवार को फाइनल में सिनर का सामना 11वें वरीय ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा जिन्होंने चौथे वरीय एलेक्जैंडर ज्वेरेव को दूसरे सेमीफाइनल में शिकस्त दी। सिनर ने सेमीफाइनल में दमदार खेल दिखाते हुए मेदवेदेव को 6-1 6-2 से मात दी। दिमित्रोव ने शीर्ष वरीय कार्लोस अल्काराज को क्वार्टरफाइनल में हराने के बाद सेमीफाइनल में जर्मनी के ज्वेरेव को 6-4, 6-7, 6-4 से शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनायी। महिला वर्ग का फाइनल शनिवार को अमेरिका की डेनियल कोलिंस और चौथी वरीय एलीना रिबाकिना के बीच खेला जायेगा।

साइना ने कांग्रेस नेता की महिला विरोधी टिप्पणी की निंदा की, सोशल मीडिया पर लिखी ये बात

बेंगलुरु (एजेंसी)। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने दावणगेरे सीट से भाजपा उम्मीदवार गायत्री सिद्धेश्वर पर की गई महिला विरोधी टिप्पणी करने के लिए राज्य के अनुभवी कांग्रेस नेता शमनूर शिवशंकरप्पा की आलोचना की। दावणगेरे दक्षिण से 92 वर्षीय मौजूदा विधायक शिवशंकरप्पा ने कहा था कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और मौजूदा सांसद सिद्धेश्वर जीएम की पत्नी गायत्री 'केवल रसोई में खाना बनाना जानती हैं'।

उनकी टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए नेहवाल ने अपने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'कर्नाटक के एक शीर्ष नेता शमनूर शिवशंकरप्पा जी ने कहा है कि महिलाओं को रसोई तक ही सीमित रहना चाहिए। दावणगेरे से उम्मीदवार गायत्री सिद्धेश्वरा पर की गई इस लैंगिक टिप्पणी की कम से कम ऐसी पार्टी से उम्मीद नहीं की जा सकती जो कहते हैं कि लड़की हूं, लड़ सकती हूं।'

लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीतने वाली 34 वर्षीय नेहवाल ने कहा कि जब देश में महिलायें हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ने की ख्वाहिश रखती हैं तो महिलाओं के खिलाफ इस तरह की द्वेषपूर्ण टिप्पणी परेशान करने वाली हैं। उन्होंने लिखा, 'जब मैंने खेल के मैदान पर भारत के लिए पदक जीते तो कांग्रेस पार्टी मुझसे क्या चाहती थी, मुझे क्या करना चाहिए था? इस तरह क्यों कहा जा रहा है, जब सभी लड़कियां और महिलाएं किसी भी क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करने का सपना देखती हैं।'

नेहवाल ने लिखा, 'एक तरफ हम नारी शक्ति को वंदन कर रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सर के नेतृत्व में महिला आरक्षण विधेयक पारित किया गया है और दूसरी तरफ नारी शक्ति का अपमान और महिला विरोधी लोग। यह बहुत ही परेशान करने वाला है।' शिवशंकरप्पा ने हाल में कहा, 'वह (गायत्री) ठीक से बोलना भी नहीं जानती। वह घर पर खाना पकाने के लिए फिट है।'



बुच्ची बाबू सना के साथ होगी रामचरण की अगली फिल्म

साउथ के सुपर स्टार राम चरण ने अपने फैंस के साथ साझा किया था कि बुच्ची बाबू सना के साथ उनके प्रोजेक्ट के बाद उनकी यह अगली फिल्म होगी। राम चरण ने होली के मौके पर इस खुशखबरी को फैंस के साथ शेयर किया है। उनके साथ एसएस राजामौली के बेटे एसएस कार्तिकेय ने भी ट्विटर पर इस बारे में विस्तार से बताया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया है कि वह कैसे इस फिल्म की घोषणा के लिए कैसे बेताब बैठे थे। राम चरण के पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए कार्तिकेय ने लिखा कि जब वह आरआरआर की शूटिंग कर रहे थे, तब एक्टर (राम चरण) ने उनसे उनकी अगली फिल्म के शुरुआती सीक्वेंस के बारे में बात की थी। उन्होंने लिखा– मुझे लगता है कि आरआरआर के क्लाइमेक्स शूट के दौरान, उन्होंने अचानक ही सुकुमार गरु के साथ एक फिल्म करने के बारे में खुलकर अपनी भावनाएं शेयर किया था और फिल्म के शुरुआती सीक्वेंस के बारे में बात करना शुरू कर दिया। लगभग 5 मिनट तक मेरा दिमाग चकरा गया। उन्होंने अपनी पोस्ट में आगे बताया है कि वह इस बात कितना प्रभावित है। उनका कहना है कि तब से लेकर अभी तक वह फिल्म की घोषणा का इंतजार कर रहे थे ताकि वह इसके बारे में बात कर सकें। उन्होंने लिखा– जब से उन्होंने इसका उल्लेख किया है, मैं फिल्म की घोषणा का इंतजार कर रहा हूं। पहले से ही इसे एक ब्लॉकबस्टर के रूप में कल्पना करते हुए। यह एक शानदार सीक्वेंस से एक बन जाएगा। मुझे उम्मीद है कि मैं इसके बारे में ज्यादा कुछ लीक नहीं करूंगा भाई ऑलवेज रामचरण। राम को यूं तो कई फिल्मों से बंपर सफलता मिली है लेकिन जिस फिल्म ने उन्हें एक नई रोशनी में दिखाया और उनके करियर की दिशा बदल दी वह सुकुमार की 2018 की फिल्म रंगस्थलम थी। उन्होंने फिल्म में चित्ती बाबू नाम के एक बहरे व्यक्ति की भूमिका निभाई थी, जिसका जीवन तब उलट–पुलट हो जाता है जब वह अपने भाई की मृत्यु देखता है। यह फिल्म राम और सुकुमार दोनों को जबरदस्त सफलता दिलाई थी। राम फिलहाल शंकर की 'गेम चेंजर' की शूटिंग कर रहे हैं जिसमें वह एक आईएएस अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। अभिनेता ने हाल ही में कियारा आडवाणी के साथ फिल्म के लिए विशाखापत्तनम में शूटिंग की। वह जल्द ही डायरेक्टर बुच्ची बाबू सना और जाह्नवी कपूर के साथ एक फिल्म की शूटिंग करेंगे।



स्पोर्ट्स ड्रामा चंदू चैंपियन में नजर आएंगे कार्तिक

अपकमिंग स्पोर्ट्स ड्रामा चंदू चैंपियन में एक्टर कार्तिक आर्यन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। कार्तिक ने इसके लिए 14 महीने तक बॉक्सिंग की ट्रेनिंग ली। एक्टर फिल्म में पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता की भूमिका में नजर आएंगे। अपने किरदार में पूरी तरह ढलने के लिए कार्तिक ने एक सख्त फिटनेस गाइडलाइन का पालन किया। इसके लिए एक ?टर ने अपना 20 किलो तक वजन भी कम किया। इसके साथ ही उन्?होंने अपने खाने–पीने का भी ध्यान रखा, जिसमें उन्होंने चीनी को पूरी तरह से छोड़ दिया। फिल्म का कैनवास भी काफी बड़ा है। इसकी शूटिंग भारत और यूके में की गई है। यह पहली बार है जब एक्टर ने इतनी शारीरिक रूप से मांग वाली भूमिका में कदम रखा है, यह देखते हुए कि यह मुरलीकांत पेटकर पर आधारित है।

सत्यप्रेम की कथा पर उनके आखिरी सफल सहयोग के बाद निर्माता साजिद नाडियाडवाला के साथ कार्तिक फिर वापस आए हैं। साजिद नाडियाडवाला और कबीर खान द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित, चंदू चैंपियन 14 जून, 2024 को सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार है।चंदू चैंपियन का निर्देशन बजरंगी भाईजान, एक था टाइगर, न्यूयॉर्क और 83 जैसी फिल्मों के लिए मशहूर कबीर खान ने किया है।

अदा शर्मा ने शेयर किया फिटनेस मंत्र

एक्ट्रेस अदा शर्मा ने फिटनेस मंत्र शेयर करते हुए कहा है कि यह मजेदार होना चाहिए और दोस्तों के साथ वर्कआउट करना सबसे अच्छा है। अदा ने न्यूज एजेंसी से कहा, 'वर्कआउट हमेशा मजेदार होना चाहिए और दोस्तों के साथ वर्कआउट करना सबसे अच्छा रहता है।' 31 वर्षीय एक्ट्रेस ने हाल ही में हाथियों को नहलाते हुए अपना एक वीडियो शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'यह होली के बाद वाला वर्कआउट है।' एक्ट्रेस ने कहा, 'हाथी मेरे दोस्त हैं और उन्हें नहलाना पूरे शरीर का वर्कआउट है, जिसमें एक घंटा लगता है। इससे कंधों से लेकर बाइसेप्स, ग्लूट्स और टांगों तक सभी की कसरत होती है।' अदा ने कहा कि वर्कआउट के अलावा डाइट भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 'यह वर्कआउट पूरी तरह से क्रंचेज और लेग रेज और वेट लिफ्टिंग के बराबर है। फिटनेस में डाइट अहम भूमिका निभाती है। मैं भी अपने दोस्त हाथियों की तरह शुद्ध शाकाहारी हूं।' वर्कफ्रंट की बात करें तो अदा को अब से पहले 'सनफ्लावर सीजन 2' और 'बस्तर : द नक्सल स्टोरी' में देखा गया था। वह जल्द ही 'द गेम ऑफ गिरगिट' में नजर आएंगी।



नवाजुद्दीन और आलिया करना चाहते हैं सुलह

बालीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दिकी और आलिया सिद्दिकी अब अपनी शादी की सुलह करना चाहते हैं। उनकी उतार–चढ़ाव भरी यात्रा अब एक सुलगाव की राह पर बढ़ती दिख रही है। बालीवुड कपल को लेकर एक नया अपडेट आया है।

हाल ही में आलिया सिद्दीकी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो साझा किया जिसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी और उनके बच्चों के यादगार पलों को शेयर किया है।आलिया ने लेटेस्ट लिंक अपनी 14वीं शादी की सालगिरह के मौके पर शेयर किया है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी से अलग होने के बावजूद भी आलिया ने पति को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। आलिया ने 25 मार्च, 2024 अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर महीनों के अलगाव के बाद पहली पारिवारिक तस्वीर पोस्ट की है। तस्वीर में आलिया और नवाजुद्दीन अपनी बेटी शोरा और बेटे यानी के साथ पोज दे रहे हैं। यह तस्वीर उनके नए साल के जश्न के दौरान ली गई थी क्योंकि आलिया ने इस बात को बताते हुए एक हेडबैंड पहना था। फोटो के साथ आलिया ने नवाजुद्दीन को 14वीं सालगिरह की बधाई देते हुए एक नोट भी लिखा, मैं अपने इकलौते साथी के साथ वैवाहिक जीवन के 14 साल पूरे होने का जश्न मना रही हूं। सालगिरह की शुभकामनाएं। हालांकि, आलिया के स्वीट जेस्चर पर नवाजुद्दीन ने किसी तरह से भी सार्वजनिक तौर पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। बता दें कि दोनों के वैवाहिक यात्रा में कई उतार–चढ़ाव आए हैं और आलिया, नवाजुद्दीन पर कई तरह के संगीन आरोप लगा चुकी हैं। उन्होंने कई वीडियोज बनाकर उनकी इज्जत की धज्जियां उड़ाई थीं और अब अचानक उन्हें नवाजुद्दीन पर प्यार आ रहा है। आलिया और नवाजुद्दीन का मामला पुलिस केस और कोर्ट केस तक हो गया था। मार्च, 2023 में वे आधिकारिक रूप से अलग भी हो गई थीं लेकिन अब वे अपनी 14वीं सालिगरह की बधाइयां दे रही हैं। आपको बता दें कि बिग बॉस ओटीटी 2 से बाहर आने के बाद आलिया ने नवाजुद्दीन के साथ अलगाव के फिर से नई जिंदगी शुरू करने का सोचा था। आलिया ने 5 जून 2023 को अपने नए प्यार के साथ एक तस्वीर पोस्ट की थी और उस फोटो में आलिया उस शख्स के साथ कॉफी पीते हुए नजर आ रही थीं। हालांकि अब ये पोस्ट इनके इंस्टा हैंडल से डिलीट हो चुका है लिहाजा वे फिर से नवाजुद्दीन के साथ वापस आना चाहती हैं। हालांकि, आलिया अब अपने नए पोस्ट को लेकर ट्रोल हो रही हैं। उनके पोस्ट पर एक यूजर ने लिखा, अगर आप अपने पति से प्यार करती हैं तो फिर उन्हें परेशान क्यों करती हैं। एक दूसरे यूजर ने लिखा, तो वो ड्रामा, जो लगाया था। एक यूजर ने ये पूछा कि क्या सुलह हो गया है अब। एक यूजर ने तो 'वक्त बदल गया, जज्बात बदल गए' वाला मीम भी शेयर किया। हालांकि, तमाम यूजर्स उन्हें मैरिज एनिवर्सरी की बधाइयां भी दे रहे हैं। अब देखना ये होगा कि क्या नवाज अपनी वाइफ को माफ करेंगे और उन्हें फिर स्वीकारेंगे, ये तो वक्त ही बताएगा। बता दें कि नवाजुद्दीन सिद्दीकी पिछले की दिनों से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। पिछले साल से ही वे अपनी वाइफ से तलाक की खबरों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। बीते साल ही उन्होंने अपने पति पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया था।



मेरी ताकत आधी रह गई थी

सामंथा रुथ प्रभु ने अमेरिकी सीरीज 'सिटाडेल' के भारतीय रूपांतरण 'सिटाडेल : हनी बनी' पर काम करने के बारे में खुलकर बात की। सामंथा रुथ प्रभु ने अमेरिकी सीरीज 'सिटाडेल' के भारतीय रूपांतरण 'सिटाडेल : हनी बनी' पर काम करने के बारे में खुलकर बात की। अभिनेत्री ने कहा कि जब वह प्रशिक्षण ले रही थीं तब वह सबसे कमजोर थीं और उनकी ताकत 50 प्रतिशत तक कम हो गई थी। उन्होंने कहा कि 'सिटाडेल' के लिए प्रशिक्षण के दौरान मैं सबसे कमजोर स्थिति में थी। इसके अलावा, मुझे कैलोरी की कमी भी बनाए रखनी थी, क्योंकि मैं अपने शरीर को ठीक करने के लिए पर्याप्त समय देने की कोशिश कर रही थी।' ऑटो–इम्यून बीमारी मायोसाइटिस का पता चलने के बाद एक साल का ब्रेक लेने वाली सामंथा ने कहा, 'मेरी ताकत 50 प्रतिशत कम हो गई। यह एक लंबी प्रक्रिया थी और यह काफी कठिन थी।' 'सिटाडेल : हनी बन्नी' राज और डीके द्वारा बनाई गई है। इसमें सिकंदर खेर, के के मेनन, साकिब सलीम और एम्मा कैनिंग भी हैं।

आडुजीविथम की हर तरफ हो रही चर्चा

आजकल आगामी फिल्म आदुजीविथम – द गोट लाइफ की हर ओर चर्चा है। हाल ही में पृथ्वीराज सुकुमारन अपनी आगामी फिल्म आदुजीविथम के प्रचार के लिए हैदराबाद में थे। इसी को लेकर उन्होंने खुलासा किया कि वे अपनी फिल्मों के लिए फीस लेना पसंद नहीं करते हैं, उन्होंने कहा कि अक्षय कुमार के नाम भी अपनी इस विचारधार में शामिल किया है। साथ ही दूसरी फिल्म इंडस्ट्री को लेकर भी अपने विचार व्यक्त किए हैं। पृथ्वीराज ने सिर्फ मलयालम ही नहीं बल्कि हिंदी, तमिल और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में भी काम किया है। उनका कहना है कि अन्य फिल्म उद्योगों की तुलना में मॉलीवुड पारिश्रमिक के बजाय अपने बजट का एक बड़ा हिस्सा फिल्म निर्माण के लिए एलोकेट यानी बांटना पसंद करता है। अभिनेता ने कहा, मैं यह दावा नहीं करूंगा कि हम या कहें मलयालम फिल्म इंडस्ट्री किसी से बेहतर हैं। लेकिन विभिन्न इंडस्ट्रियों में काम करने के बाद, मुझे लगता है कि मलयालम सिनेमा में पुराने वक्त से यह सुनिश्चित करने की परंपरा रही है कि बजट का सबसे बड़ा हिस्सा हमेशा फिल्म बनाने में खर्च हो। मैं अन्य उद्योगों में भी शामिल भी हो रहा हूं जहां फिल्म बनाई जाती है, जहां पर 75 करोड़ रुपए में से 55 करोड़ फीस अभिनेता की रहती। लेकिन परंपरागत रूप से मलयालम के साथ ऐसा कभी नहीं हुआ। अभिनेता ने अपना और अपने नाम शबाना और बड़े मियां छोटे मियां के को–स्टार अक्षय कुमार का उदाहरण देते हुए कहा कि वे पारिश्रमिक नहीं लेना पसंद करते हैं ताकि बजट की बाधाओं के कारण फिल्म निर्माण प्रक्रिया में बाधा न आए।उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए, मैं वेतन के लिए फिल्में नहीं करता। मैं कहता हूं नहीं, आइए फिल्म को सबसे बेहतर तरीके से बनाएं। मैं जिम्मेदारी ले रहा हूं और खुद को जवाबदेह ठहरा रहा हूं। वे आगे कहते हैं, अगर मेरी कोई फिल्म मुनाफा नहीं कमाती तो मुझे कोई पैसा नहीं मिलता। लेकिन अगर इससे मुनाफा होता है, तो मुझे मेरी तनख्वाह से ज्यादा मिलेगा। इससे मदद मिलती है क्योंकि अगर किसी निर्माता के पास पैसा है, तो वह इसे फिल्म बनाने में खर्च कर रहा है। अक्षय कुमार सर जैसा कोई व्यक्ति भी इस तरह से काम करता है। जब मैंने उनके साथ एक फिल्म (सेल्फी) का निर्माण किया, तो उन्होंने कहा कि कोई वेतन नहीं। वर्कफ्रंट को लेकर बात करें तो पृथ्वीराज जल्द ही ब्लेसी की मलयालम फिल्म आडुजीविथम में दिखाई देंगे, जो अन्य भाषाओं में द गोट लाइफ के नाम से रिलीज होगी। यह फिल्म 28 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

सई ताम्हणकर ने की इमरान और प्रतीक गांधी की तारीफ

एक्टर इमरान हाशमी और प्रतीक गांधी के साथ एक्ट्रेस सई ताम्हणकर स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। जिन फिल्मों में एक साथ नजर आएंगी, वो फिल्में हैं ग्राउंड जीरो और अग्नि। इस बारे में सई ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह अपने जैसे लोगों के लिए दरवाजे खोल रही हैं जो अपने सपनों को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ एक बार फिर से काम करने को लेकर सई ने कहा, यह मेरे लिए बहुत ही शानदार एहसास है, क्योंकि एक्सेल एंटरटेनमेंट उन अग्रणी प्रोडक्शन हाउसों में से एक है जिसके साथ हर कोई काम करना चाहता है। मुझे उनके साथ तीन बार काम करने का मौका मिला, जिसमें डब्बा कार्टेल भी शामिल है। अपने सह–कलाकारों के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने इमरान हाशमी और प्रतीक गांधी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि दोनों ही कलाकार अद्भुत हैं। एक्ट्रेस सई ने कहा, उनके साथ काम करने का सौभाग्य पाकर मैं दर्शकों को वह जादू दिखाने के लिए उत्साहित हूं जो हमने साथ मिलकर बनाया है। यह आश्चर्यजनक लगता है और मुझे आशा है कि मैं अपने जैसे लोगों के लिए दरवाजे खोल रही हूं जो अपने सपने को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं और मुझे आशा है कि मैं ऐसा करना जारी रखूंगी।

Monday
01 April 2024

BNM Fantasy

करीना-कृति-तब्बू का जलवा बरकरार

बॉलीवुड इंडस्ट्री की तीन पॉपुलर एक्ट्रेस करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सेनॉन इन दिनों सिनेमाघरों में कब्जा जमाए बैठी हैं। दरअसल, इन तीनों हसीनाओं की फिल्म 'क्रू' बीते शुक्रवार यानी 29 मार्च को रिलीज हुई है जो लोगों को खूब पसंद आ रही है। फिल्म 'क्रू' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन इस बात की तरफ इशारा कर रहा है कि लोग एंटरटेन कर रहे हैं। इस फिल्म को रिलीज हुए अभी दो दिन हुए हैं और कमाई का आंकड़ा 20 करोड़ रुपये के पार जा चुका है। आइए जानते हैं कि करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सेनॉन की फिल्म 'क्रू' अब तक कितना कलेक्शन कर चुकी है।

ज

जान्ही कपूर-शिखर पहाड़िया के रिश्ते पर बोनी कपूर ने लगाई मुहर!

जान्हवी कपूर (Janhvi Kapoor) और शिखर पहाड़िया (Shikhar Pahariya) बॉलीवुड गलियारे में चर्चा में बने रहते हैं। दोनों को ही अक्सर एक साथ छुट्टियां मनाते और पब्लिक प्लेसेस पर साथ निकलते देखा जाता है। इसके बावजूद भी दोनों ने कभी अपने रिश्ते की अटकलों पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है। हाल ही में बोनी कपूर ने दोनों के बारे में बात की। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा। कई मौकों पर शिखर पहाड़िया को जान्हवी कपूर की फैमिली के साथ समय बिताते हुए देखा जाता है और पब्लिक इवेंट्स में उन्हें जान्हवी के पिता बोनी कपूर के साथ भी क्लिक किया गया है। हाल ही में एक इंटरव्यू में बोनी कपूर ने शिखर के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की।बोनी कपूर से हाल ही में उनकी बेटी जान्हवी कपूर के कथित बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ उनके रिश्ते के बारे में पूछा गया। इस पर कपूर ने उनकी तारीफ करने का मौका नहीं छोड़ा। शिखर की उन्होंने आगे कहा, "मैं उन्हें प्यार करता हूं। कुछ साल पहले जब वह जान्हवी के साथ नहीं थे, लेकिन मैं तब भी उनके साथ फ्रेंडली था।" जान्हवी के रिलेशनशिप पर बात करते हुए बोनी कपूर ने आगे कहा, "मुझे यकीन था कि वह जान्हवी के लिए कभी एक्स नहीं होंगे। वह हमेशा आसपास रहेंगे।" इतना कहकर बोनी कपूर ने दोनों के रिश्ते को लेकर बड़ा हिंट दिया है। हो सकता है भविष्य में जल्द ही अटकलों पर मुहर लग जाए।

गर्लफ्रेंड लेखा के साथ लिव इन में रहेंगे इमरान खान

किराए पर लिया करण जौहर का घर

आमिर खान की बेटी इरा खान की शादी में अभिनेता इमरान खान और लेखा वाशिंगटन साथ नजर आए थे, जिसके बाद दोनों के बीच डेटिंग की खबरें जोरों पर थीं. मनी कंट्रोल के हालिया अपडेट की मानें तो इस जोड़े ने अब फिल्म निर्माता करण जौहर से मुंबई के बांद्रा में एक अपार्टमेंट किराए पर लिया है. आमिर खान की बेटी इरा खान की शादी में अभिनेता इमरान खान और लेखा वाशिंगटन साथ नजर आए थे, जिसके बाद दोनों के बीच डेटिंग की खबरें जोरों पर थीं. मनी कंट्रोल के हालिया अपडेट की मानें तो इस जोड़े ने अब फिल्म निर्माता करण जौहर से मुंबई के बांद्रा में एक अपार्टमेंट किराए पर लिया है. रिपोर्ट के मुताबिक, अभिनेता इमरान खान और उनकी गर्लफ्रेंड लेखा वाशिंगटन ने मुंबई में 9 लाख रुपये प्रति माह पर एक घर किराए पर लिया है. कपल ने बॉलीवुड निर्देशक करण जौहर से बांद्रा में यह अपार्टमेंट किराए पर लिया है. रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अपार्टमेंट समुद्र के किनारे स्थित है. यह सेलिब्रिटी जोड़ा अब पॉश कार्टर रोड पर क्लीफेपेट में तीन मंजिला इमारत में रहेगा. कुछ दिन पहले इमरान खान ने वोग से बातचीत के दौरान लेखा वॉशिंगटन के साथ अपने रिश्ते की पुष्टि की थी. अभिनेता ने कहा था, "ये अटकलें सच हैं कि मैं लेखा वाशिंगटन के साथ रिश्ते में हूं. मैं तलाकशुदा हूं और फरवरी 2019 से अलग रह रहा हूं". इमरान खान ने आगे कहा, "लेखा को लोग घर तोड़ने वाली कह रहे हैं, जिसे सुनकर बहुत गुस्सा आता है क्योंकि यह गलत है". अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए इमरान खान ने कहा कि वे लेखा से लॉकडाउन के दौरान करीब आए थे. तब उन्हें अवंतिका से अलग हुए डेढ़ साल और लेखा को अपने पार्टनर से अलग हुए एक साल का समय हो चला था. बता दें, इमरान खान ने 2011 में अवंतिका मलिक खान से शादी की थी. उन्होंने 2014 में अपनी बेटी इमारा का स्वागत किया. इमरान और अवंतिका 2019 में अलग हो गए.